॥ श्रीराधावल्लभो जयति ॥

॥ श्रीहित हरिवंशचन्द्रो जयति ॥

श्रीराधासुधानिधिस्तोत्रम्

अन्वितार्थचन्द्रिकाविभूषितम्

टीकाकार

पं० ओंकारदत्तशास्त्री, वृन्दावन

पदावलीकार

भक्त धर्मचन्द्र

प्रकाशनप्रेरक

श्री १०८ गोस्वामी हितानन्द जी महाराज

प्रकाशक

लक्ष्मीनारायण कागजी

राधाष्टमी हिताब्द ४५५

सं० २०२५

प्रथम बार ३००

लागत न्यौछावर

३) ९५

सजिल्द

लागत न्यौछावर प्रकाशन संस्था का
चतुर्थ प्रकाशन

● मुद्रक

प्रीतम लाल गोस्वामी

रतन प्रेस, अठखम्भा वृन्दावन

● न्यौछावर
तीन रुपये

● प्राप्ति स्थान

लक्ष्मीनारायण कागजी,

बिहारी पुरा, वृन्दावन

● प्रथम बार

३०० प्रति

● श्रीराधाष्टमी हिताब्द ४६५

सं० २०२५ सन् १९६८

प्राक्कथन

●

श्रीमन्महाप्रभु हितहरिवंश गोस्वामी प्रणीत "श्रीराधा-सुधानिधि" रसग्रन्थ अपने आप में एक सम्पूर्ण मौलिक रचना है।

इसमें श्रीराधामाधव के सहज प्रेमोत्सव, नित्य विहार की जैसी अद्भुत व्यञ्जना और उनके अंगों की व्याख्या उज्ज्वल रस के माध्यम से सम्भव हुई है, वह अन्यत्र दुर्लभ है। इसीलिए श्रीवृन्दावन-रस के प्रिया-पक्षपाती उपासकों के लिए, यह अनुपम कृति रस-पदवी का प्रकाश स्तम्भ बन कर रह गई है। श्रीराधाचरणद्वयी के विचित्र आलोक की चन्द्रिका इसमें सर्वत्र विखरी पड़ी है। वृन्दावन, सहचरी, रसिक और रस मय लाड़-चाव की चर्चा "श्रीराधासुधानिधि के' बिना अधूरी रह जाती है।

रसिक विद्वानों ने इस ग्रन्थ पर अनेक टीकायें की हैं, प्रस्तुत "अन्वितार्थ चन्द्रिका" हिन्दी टीका; संस्कृत भाषा के माने हुए विद्वान श्रीयुत ओंकारदत्त जी शास्त्री ने अन्वय और प्रत्येक पद का सरल अर्थ करते हुए लिखी है, जो उपासक

जगत के लिए उनकी अनूठी देन है। शास्त्री जी श्री १०८ स्वामी अखण्डानन्द जी के आश्रित हैं और उन्हीं के आश्रम में आदर्श रूप से श्रीधाम वास कर रहे हैं। भक्त धर्मचन्द जी (निजहित) अपने उपासना सुख की अभिवृद्धि के निमित्त इन श्लोकों का भावानुवाद-व्रजभाषा के पदों में समय-समय पर करते रहे हैं वे भी यहाँ संग्रहीत कर दिये गए हैं। पदों में मूल का अनुसरण करने की भर-सक चेष्टा परिलक्षित होती है। "रीझैंगे रसिक तो कहैंगे कविताई ना तो, राधिका-व्रजेश कौ अनूप गुन गान है।"

श्रीलक्ष्मी नारायणजी आदि के सहयोग से "लागत न्यौछावर प्रकाशन संस्था" के सूत्रपात के द्वारा स्वल्प मूल्य पर १ श्री राधा लाड सागर २ रास छद्म आदि ४० बेलियां ३ समय प्रबन्ध अष्टयाम सेवा श्रीचाचा जी के ग्रन्थ प्रकाशित हो चुके हैं और श्रीवृन्दावन रस उपासकों ने उनसे अपूर्व लाभ उठाया है।

प्रस्तुत प्रकाशन इस संस्था का चतुर्थ प्रकाशन है आशा है रस मार्गी उपासक संस्था के इस प्रेय कार्य से तुष्ट होकर प्रकाशकों को प्रोत्साहित करेंगे।

हितानन्द गोस्वामी

श्रीराधाष्टमी २०२५

श्रीमहल सेवा कुंज
श्रीधाम वृन्दावन

॥ श्री राधावल्लभो जयति ॥

श्रीयमुनाष्टकम्

व्रजाधिराजनन्दनाम्बुदाभगात्रचन्दना-
नुलेपगन्धवाहिनीं भवाब्धिबीजदाहिनीम् ।
जगत्त्रये यशस्विनीं लसत्सुधापयस्विनीं,
भजे कलिन्दनन्दिनीं दुरन्तमोहभञ्जिनीम् ॥१॥

व्रजाधिराज-	=(जो) व्रजराज	यशस्विनीम्	को प्राप्त,
नन्दन	कुमार के	लसत्सुधा	=सुन्दर सुधातुल्य
अम्बुदा	=घन सुन्दर गात्र	पयस्विनीम्	जल को प्रवाहित
भगात्र-	के		करने वाली,
चन्दनानुलेप	=चन्दन चर्चित	दुरन्तमोह	=कष्ट से कटने
गन्धवा	=गन्ध वहन करने	भञ्जिनीम्	वाले अज्ञान का
हिनीम्	वाली हैं (तथा)		नाश करने वाली
भवाब्धिबीज	=भव सागर के	कलिन्द	=(उन) श्रीकालिन्दी
दाहिनीम्	कारण को	नन्दिनीम्	देवी (यमुना जी)
	निवारण करने		का
	वाली हैं (तथा)	भजे	=(मैं) भजन
जगत्त्रये	=त्रिभुवन में कीर्ति		करता हूँ ।

भावार्थ छन्द—व्रजाधिराज के कुमार कृष्ण नन्द नन्दन । के अङ्ग मेघ श्याम में लगा जु शुभ्र चंदन ।। सुगंध वही पावन जो है सदा बहाती । आवागमन के बीज सभी तुरत है जलाती ॥ धारा सुधा समान जो अखण्ड ही बहावें । जिसके गुणानुवाद तीन लोक सदा गावें ॥ शरणागतों के उग्र मोह पाश को छुड़ावें । वह सूर्या-सुता यमुना मेरे हिये समावें ॥

रसैकसीमराधिकापदाब्जभक्तिसाधिकां,
तदङ्गरागपिञ्जरप्रभातिपुञ्जमंजुलाम् ।
स्वरोचिषातिशोभितां कृतांजनाधिगञ्जनां,
भजे कलिंदनंदिनीं दुरन्तमोहभञ्जिनीम् ॥२॥

रसैकसीम =(जो) रस की
राधिका चरमावधि श्रीराधा जी के
पदाब्ज भक्ति =पद पद्म की भक्ति
साधिकाम् को देने वाली हैं
तदङ्ग राग =और उन्हीं
पिञ्जर प्रभा (श्रीराधा के) अङ्गराग की
अति पुञ्ज =पीत प्रभा के
मंजुलाम् मण्डल से मण्डित हैं
स्वरोचिषाति =(तथा) अपनी ही
शोभिताम् कान्ति से अलंकृत हैं
कृताञ्जना =मानवों के मालिन्य
धिगञ्जनाम् को दूर करने वाली,
दुरन्तमोह =(उन) दुरन्त मोह
भञ्जिनीम् की नाशिनी
कलिन्द =कलिन्द कन्या
नन्दिनीम् का (मैं)
भजे =भजन (सेवन) करता हूँ ।

छंद—रस की परावधी जो श्रीराधा नाम वाली । उसके चरण कमल की भक्ति भी दे निराली ॥ अरु अङ्गराग उसका धारा में मिला करके । मञ्जुल प्रभा के पुञ्ज की छटा को बहा करके ॥ शोभित है सदा महा दीप्ती किये प्रकाशन । अपने जनों के अखिल पाप ताप की विनाशिन ॥ शरणागतों के उग्र मोहपाश को छुड़ावें । वह सूर्या सुता यमुना मेरे हिये समावें ॥

व्रजेन्द्रसूनुराधिकाहृदिप्रपूर्यमाणयो-
र्महारसाब्धिपूरयोरिवातितीव्रवेगतः ।
बहिःसमुच्छलन्नवप्रवाहरूपिणीमहं,
भजे कलिंदनंदिनीं दुरंतमोहभञ्जिनीम् ॥३॥

बहि:	=(जो) बाहर	महारसाब्धि	=महारस सागर के
समुच्छलन्	उछलते हुए	पूरयोः	दो समूहों को ही
नवप्रवाह	=नूतन प्रवाह के	इवाति तीव्र	=मानो तीव्रतम
रूपिणीम्	=रूप वाली (श्रीयमुना)	वेगत:	वेग से बहा रही हैं
व्रजेन्द्र सूनु	=श्रीव्रजेन्द्र नन्दन	दुरन्तमोह	=दु:साध्य अविद्या
राधिका हृदि	एवं श्रीराधा जी	भञ्जिनीम्	विदारिणी
प्रपूर्यमाणयोः	के हृदय में भरपूर	कलिन्द	=उन कालिन्दी का
		नन्दिनीम्	
		अहं भजे	=मैं भजन करता हूँ।

छंद—व्रजेन्द्र सुवन कृष्ण व वृषभानुनन्दिनी में। है प्रेम का अगाध सिन्धु दम्पति के जी में ।। मानो वही उछल कर यमुना बना हुआ है। पावन नवीन वेगि से प्रवाह हो बहा हैं ।। रस रूप है प्रवाह वही विवश यामिनी का। ऐसा जु है सुभाग्य बना कृष्ण भामिनी का ।। शरणगतों के उग्र मोह पाश को छुडावें। वह सूर्या सुता यमुना मेरे हिये समावें ।।

विचित्ररत्नबद्धसत्तटद्वयश्रियोज्ज्वलां,
विचित्रहंससारसाद्यनन्तपक्षिसंकुलाम् ।
विचित्रमीनमेखलां कृतातिदीनपालितां,
भजे कलिन्दनन्दिनीं दुरन्तमोहभञ्जिनीम् ।।४।।

विचित्र रत्न	=(जो) विचित्र		अनेक
बद्धसत्तटद्वय	रत्न खचित सुन्दर तट युगल	पक्षिसंकुलाम्	=पक्षियों से व्याप्त
श्रियोज्ज्वलाम्	=की कान्ति से शोभित हैं (तथा)	विचित्र मीन	=रङ्ग-विरङ्गी
		मेखलाम्	मछलियाँ ही जिनकी मेखला हैं
विचित्र हंस	=विविध हंस	कृतातिदीन	=अत्यन्त दीनों का
सारसाद्यनेक	सारस आदि		

पालिदाम्	भी पालन करने वाली,
दुरन्त मोह भञ्जिनीम्	=दुर्दमनीय मोह की दाहिका
कलिन्द नन्दिनीम्	=उन कलिन्द कन्या का
भजे	=(मैं) भजन करता हूँ।

छंद—हीरों व लाल से जड़े विचित्र दो किनारे। जिनसे प्रकाश उज्ज्वल छिटका है चहूंधारे॥ सारस व हंस आदि पक्षी जु तट निवासी। आनन्द पूर्ण विचरें मानो युगल उपासी॥ हैं मछलियां जहां पर क्रीड़ें बँधी कतारें। वह करधनी है मानो शोभा अगर विचारें॥ दोनों को पालें उग्र मोह पाश को छुड़ावें। वह सूर्या सुता यमुना मेरे हिये समावें॥

वहन्तिकां श्रियं हरेर्मुदा कृपास्वरूपिणीं,
विशुद्धभक्तिमुज्ज्वलां परे रसात्मिकां विदुः।
सुधास्रुतिन्त्वलौकिकीं परेशवर्णरूपिणीं,
भजे कलिन्दनन्दिनीं दुरन्तमोहभञ्जिनीम् ॥५॥

मुदा हरेः श्रियं	=(जो) मोद से श्री हरि की कान्ति को
वहन्तिकाम्	=धारण करती हैं। (एवं)
कृपास्वरूपिणीम्	=कृपा ही जिनका स्वरूप है
परे रसात्मिकाम्	=कुछ लोग जिन्हें रसमयी
उज्ज्वलां विशुद्ध भक्तिम्	=उज्ज्वल विशुद्ध भक्ति के रूप में
विदुः	=जानते हैं।
अलौकिकीम् तु सुधास्रुतिम्	=(जो) दिव्यसुधा की ही निर्झरिणी हैं
परेश वर्ण रूपिणीम्	=प्रभु के तुल्य नील वर्ण वाली
दुरन्त मोह भञ्जिनीम्	=दुरन्त मोह नाशिनी (उन,
कलिन्द नन्दिनीम्	=कालिन्दी का (मैं)
भजे	=भजन करता हूँ।

छन्द—जो श्री हरि की कान्ति भावों को लिये गोद। जल में बहा रही बढा कैमोद व प्रमोद ॥ कृपा ही मूर्ति रूप हैं इक रस स्वरूप उज्ज्वल। भक्ति स्वरूप भूत व मीठा है सुधा सा जल ॥ जिसमें विशुद्ध श्यामता का रङ्ग मनो ऐसा। है कृष्ण चन्द्र का ही वर्ण मेघश्याम तैसा ॥ शरणागतों........॥

सुरेन्द्रवृंदवंदितां रसादधिष्ठिते वने,
सदोपलब्धमाधवाद्भुतैकसदृशोन्मदाम् ।
अतीव विह्वला मिवोच्चलत्तरङ्गदोर्लतां,
भजे कलिंदनंदिनीं दुरंतमोहभञ्जिनीम् ॥६॥

रसादधिष्ठिते वने =(जो) रस के अधिष्ठान श्री वृन्दावन में
सुरेन्द्रवृन्द =देव वृन्द (तथा)
वन्दिताम् इन्द्रादिवृन्द से वन्दित हैं
सदोपलब्ध माधवाद्भुत =(जिन्हें) श्रीहरि के समान अत्यन्त विचित्र उन्मदभाव
एकसदृशोन्म-दाम् =सदैव प्राप्त है
उच्चलत्तरङ्ग =उत्ताल तरङ्ग रूप
दोर्लताम् भुज लताओं से (जो)
अतीव विह्वलां =अत्यन्त विह्वल सी
इव प्रतीत हो रही हैं
दुरन्तमोह =दुरन्त मोह
भञ्जिनीम् विपाटिनी (उन)
कलिन्द नन्दिनीम् =कलिन्द कन्या का
भजे =(मैं) भजन करता हूँ।

छन्द—वंदन सुरेन्द्र वृन्द भी करते हैं सदा जिसका। रस रूप धाम श्रीविपिन में है निवास उसका ॥ माधव सदा रहते हैं मत्त रस विभोर जैसे। यह सूर्यसुता मत्त बह रही है मनो तैसे ॥ मस्ती में अपनी लहरें बाजू उठा-उठा कर। विह्वल हुई है आनंद उल्लास में समाकर। शरणागतों........॥

प्रफुल्लपङ्कजाननांलसन्नवोत्पलेक्षणां,
रथाङ्गनामयुग्मकस्तनीमुदारहंसिकाम् ।

नितम्बचारुरोधसां हरेः प्रियारसोज्ज्वलां,
भजे कलिन्दनन्दिनीं दुरन्तमोहभञ्जिनीम् ॥७॥

प्रफुल्ल =विकसित कमल
पङ्कजाननाम् ही जिनका मुख है
लसन्नवोत्पले =(तथा) सुन्दर
क्षणाम् नूतन नील कमल ही जिनके नेत्र हैं
रथाङ्गनाम =चक्रवाक मिथुन
युग्मकस्तनीम् ही जिनके स्तन युगल हैं
उदार =(जो) हंसी के
हंसिकाम् समान प्रशस्त गमन करने वाली हैं

नितम्बचारु =सुन्दर तट ही
रोधसाम् जिनके नितम्ब हैं
हरेः प्रिया- =श्रीहरि प्रिया के
रसोज्ज्वलाम् रस से जो प्रकाश मान हैं
दुरन्त मोह =कष्ट से हरणीय
भञ्जिनीम् मोह को काटने वाली
कलिन्द =(उन) कालिन्दी
नन्दिनीम् का मैं
भजे =भजन करता हूँ।

छंद—हैं फूल जो कमल के है वदन मनो सुन्दर। नयनों की चमक नील रङ्ग उत्पलों के अन्दर ॥ हैं चक्रवाक जोरा जल में बिहार करता। मानो सजा है मण्डल वक्षोज का उभरता ॥ हंसों की चाल ही है यहां चाल मनोहारी। मण्डल नितम्ब दोनों तट हैं विलासकारी ॥ हैं युगल रस विभोर मोहपाश......

समस्तवेदमस्तकैरगम्यवैभवां सदा,
महामुनीन्द्रनारदादिभिः सदैव भाविताम्।
अतुल्यपामरैरपिश्रितां पुमर्थशारदां
भजे कलिन्दनन्दिनीं दुरन्तमोहभञ्जिनीम् ॥८॥

सदा समस्त =सम्पूर्ण उपनिषद्
वेद मस्तकैः भी सतत प्रयत्न से
अगम्यवैभवाम्=जिनकी विभुता का पार नहीं पा सकते।

सदैव महा =निरन्तर महा-
मुनीन्द्र मुनीन्द्र नारदादि

नारदादिभिः भावितम्	=हृदय में जिनकी भावना करते रहते हैं	पुमर्थशारदाम्	=जो पुरुषार्थचतुष्टय देने में बडी उदार हैं
अतुल्यपामरै रपि श्रिताम्	=महापातकी भी जिनका आश्रय प्राप्त करते हैं	दुरन्तमोह भञ्जिनीम्	=(उन) दुरन्तमोह की नाशिनी
		कलिन्द नन्दिनीम् भजे	=कालिन्दी का मैं भजन करता हूँ।

छंद—जिसका कि उपनिषद ने भी पार नहीं पाया। नारद महा मुनींद्र के भी भाव रहे छ या ॥ जितने हैं महापामर दो शरण माँ ! पुकारें। पा करके मोक्ष प्रेम अन्तकाल यों सुधारे। शरणागतों...... ॥

य एतदष्टकं बुधस्त्रिकालमादृतः पठेत्,
कलिन्दनन्दिनीं हृदा विचिन्त्य विश्ववन्दिताम्।
इहैव राधिकापतेः पदाब्जभक्तिमुत्तमा-
मवाप्य स ध्रुवं भवेत्परत्र तत्प्रियानुगः ॥९॥

विश्ववन्दिताम्	=विश्ववन्दित	राधिकापतेः	श्रीराधाकान्त श्रीकृष्ण के
कलिन्द नन्दिनीम्	श्रीकालिन्दी का	उत्तमां	=पद कमल की
हृदा विचिन्त्य	=हृदय में चिन्तन करके	पदाब्ज भक्ति मवाप्य	परम भक्ति पाकर
आदृतः यः	=आदर पूर्वक जो	ध्रुवं परत्र	=निश्चित रूप से
बुधः	बिचारशील पुरुष	तत्प्रियानुगः	अन्य जन्म में उनकी
त्रिकालम्	=त्रिकाल इस अष्टक	भवेत्	=प्राणेश्वरी श्रीराधा जी के कैङ्कर्य को प्राप्त करेंगे।
एतदष्टकं पठेत्	का पाठ करेंगे।		
स इहैव	=वे इसी जन्म में		

छंद—करते हैं पाठ तीन काल जो भी बुद्धिमान। करके हृदय में ध्यान नित्य वंदिता महान ।। इस सूर्य्य सुता अष्टक का प्रेम भाव रखकर। पहिले विशुद्ध भक्ति श्रीकृष्ण चन्द्र लख कर। फिर प्राप्त करके वास इसी धाम श्रीविपिन में। पाते है पुनः भाव किंकरी का अटल मन में।।

दोहा— मार्गशीर्ष की द्वादशी, शुक्ल पक्ष की रात।
विंशतिशत दश वर्ष को, अष्टक छन्द सु प्राप्त ।।
कविता पै दृष्टि नहीं, निजहित कृपा प्रधान।
देव वाणि जानै न जे, पाठ करें हित मान ।।

।। इति श्रीहित हरिवंश महाप्रभु विरचितं श्रीयमुनाष्टकम् सम्पूर्णम् ।।

सम्मति

महाप्रभु श्रीहित हरिवंश गोस्वामी विरचित श्रीराधासुधानिधि स्तोत्र देश के समस्त श्रीराधा चरणानुरागियों का कण्ठाभरण ग्रन्थ है। प्राचीन संस्कृत और व्रजभाषा टीकाएँ उपलब्ध हैं। विभिन्न व्यक्तियों द्वारा इस ग्रन्थ के अनेक संस्करण प्रकाशित हो चुके हैं। प्रस्तुत संस्करण के हिन्दी टीका कार संस्कृत के अधिकारी विद्वान् हैं और उन्होंने श्लोकों के प्रत्येक शब्द का पृथक् अर्थ देकर संस्कृत न जानने वालों का बड़ा उपकार किया है। इसके साथ भक्त धर्मचन्द जी का पद्यानुवाद भी सुन्दर बन पड़ा है।

इस संस्करण के प्रकाशक धन्यवाद के पात्र हैं।

गो० श्रीललिता चरणजी महाराज

पं० श्रीओंकारदत्तजीशास्त्री कृत गद्यानुवाद और भक्त श्री धर्मचन्द जी कृत पद्यानुवाद से युक्त श्रीराधासुधानिधि का यह नवीन संस्करण सुन्दर बन पड़ा है। श्रीराधारस के प्रेमियों के लिये शुद्ध हिन्दी अनुवाद की आवश्यकता थी, वह इससे पूर्ण हुई है। सभी रसिक जनों के लिए यह उपादेय है।

श्रीव्रजजीवन लाल गोस्वामी
छोटी सरकार, वृन्दावन

२१-८-६८

❀ श्रीराधावल्लभो जयति ❀

❀ श्रीहित हरिवंशचन्द्रो जयति ❀

श्रीराधासुधानिधिस्तोत्रम्

(अन्वयार्थभाषा-पदावलीसहितम्)

यस्याः कदापि वसनाञ्चलखेलनोत्थ
धन्यातिधन्यपवनेन कृतार्थमानी ।
योगीन्द्रदुर्गमगतिर्मधुसूदनोऽपि
तस्या नमोस्तु वृषभानुभुवोदिशेऽपि ॥१॥

कदापि	=किसी समय	मधुसूदनो	=श्रीलालजी ने
यस्याः	=जिनके	ऽपि	भी
वसनाञ्चल-	=वस्त्र-छोर के उड़ने	कृतार्थमानी=	अपने को कृतार्थ
खेलनोत्थ	से उत्पन्न हुई	(आसीत्)	माना
धन्याति	=सर्वाधिक	तस्याः	=उन
धन्यपवनेन	=धन्य पवन से	वृषभानु-	=श्रीवृषभानुनन्दिनी जी
योगीन्द्र	=योगीन्द्रों को भी	भुवोदिशे-	की दिशा के लिये
दुर्गमगतिः	दुष्प्राप्य	ऽपि	भी
		नमोऽस्तु	=(हमारा)नमस्कार हो।

—❀—

दिशा सोइ वन्दौं भानुलली ।
जिहि दिसि सों नीलांचल चालित परसत पवन चली ॥
कबहुंक महा धन्य सोइ परसै गति योगीन्द्र अगम्य ।
मधु लोलुप कृत-कृत्य भये जिय पाय महा रस रम्य ॥
रचत सुधा-निधि हित प्रभु प्रथमहि दिशा करी सोइ वन्दन ।
निज हित रसिकन काज वस्तु प्रगटी काटे कलि-क्रन्दन ॥

ब्रह्मेश्वरादिसुदुरूहपदारविन्द,
श्रीमत्परागपरमाद्भुतवैभवायाः ।
सर्वार्थसाररसवर्षिकृपार्द्रदृष्टे,
स्तस्या नमोस्तु वृषभानुभुवो महिम्ने ॥२॥

ब्रह्मेश्वरादि	=जोब्रह्माशिवादिकों से (भी)
सुदुरूह	=अतिशय दुस्तर्क्य
पदार-	=पद कमल युगल
विन्द	=की
श्रीमत्पराग	=शोभा संपन्न पराग
परमाद्भुत-	=के परमाद्भुत ऐश्वर्य
वैभवायाः	से युक्त (एवं)

सर्वार्थ-सार	=पुरुषार्थ चतुष्टय (धर्म अर्थ काम मोक्ष) का सारभूत
रसवर्षि कृपार्द्र दृष्टेः	=रस वर्षाने वाली-कृपा से स्निग्ध-दृष्टि
तस्या	=उन
वृषभानु भुवो	=वृषभानुकुमारी की
महिम्ने	=महिमा को
नमोस्तु	=हमारा नमस्कार हो

वंदिये भानु लली की महिमा ।
जिनकी रसमइ कृपा दृष्टि है सार पुमर्थनि गरिमा ॥
जिनके चरण कमल अज शंकर खोजत परम दुरूह ।
निजहित परमाद्भुत पराग हैं सब ऐश्वर्य-समूह ॥

यो ब्रह्मरुद्रशुकनारदभीष्ममुख्यै,
रालक्षितो न सहसा पुरुषस्य तस्य ।
सद्यो वशीकरणचूर्णमनन्तशक्तिं,
तं राधिकाचरणरेणुमनुस्मरामि ॥३॥

यः	=जो	सद्योवशी-	=तत्काल ही वश
ब्रह्मरुद्रशुक-	=ब्रह्मा रुद्र शुक	करण	करने में समर्थ
नारद	नारद	चूर्णम्	=चूर्ण के समान
भीष्ममुख्यैः	=भीष्मादिकों से भी	अनंतशक्ति	=अनंत शक्ति सपंन्न
सहसा	=एकाएक	तं	=उस
न आलक्षितः	=लक्षित नहीं हुए	राधिका-	=श्रीराधाजी की
तस्य	=उन	चरणरेणुं	चरण रेणु का
पुरु-	=परम पुरुष (लाल	अनुस्मराभि	=मैं बार-बार स्मरण
षस्य	जी) को		करता हूँ

अनुसुमिरन करि पद-रज-राधा ।
अमित शक्तिमय चूरन तत्क्षण वश करै कृष्ण अबाधा ॥
खोजतु पुरुषोतम कौं अज शिव शुक मुनि भीषम नारद ।
नहिं करि सके लक्ष सहसा जे निजहित सहज विशारद ॥

आधायमूर्द्धनि यदापुरुदारगोप्यः ।
काम्यं पदं प्रियगुणैरपि पिच्छमौलेः ॥
भावोत्सवेन भजतां रसकामधेनुं ।
तं राधिकाचरणरेणुमहं स्मरामि ॥४॥

उदारगोप्यः	=उदार गोपियों ने	प्रियगुणैः	=प्रिय गुणों के
यत् (यम्)	=जिसको	सहापि	=सहित
मूर्द्धनि	=अपने मस्तक पर	काम्यं	=वाञ्छित
आधाय	=चढ़ा कर	पदमापुः	=पद को प्राप्त किया
पिच्छमौलेः	=मयूरपिच्छधारी	भावोत्सवेन	=(तथा) भाव चाव से
	लालजी के	भजतां	=भजने वालों के

	लिये	रधिका-	=श्रीराधाचरण
रस काम-धेनुं	=रस की काम धेनु के समान	चरण रेणुं	रेणु को
तं	=उस	अहं स्मरामि	=मैं स्मरण करता हूँ

सुमिर मन ! सो राधा पद रेनु ।
भावुक भावोत्सव सों सेवहिं रस दाइक सुर धेनु ॥
परम उदार गोपिका शिर धरि अखिल मधुर गुण नायक ।
पिञ्छमौलि मोहन वर पायो निजहित सब रस दायक ॥

दिव्यप्रमोदरससारनिजाङ्गसङ्ग ।
पीयूषवीचिनिचयैरभिषेचयन्ती ॥
कन्दर्पकोटिशरमूर्च्छितनन्दसूनु ।
सञ्जीवनी जयति कापि निकुञ्जदेवी ॥५॥

दिव्यप्रमोद	=अलौकिक आनन्द के	कंदर्पकोटि-शर	=कामदेव के कोटि-कोटि बाणों से
रससार	=रस का (सर्वस्व) सार	मूर्च्छित	=व्यथित
निजाङ्ग-सङ्ग	=(जो) निज अङ्ग सङ्ग (मिलन) है	नन्दसूनु	=उन नन्दकुमार
पीयूषवीचि	=(उसी) अमृत के तरङ्ग	सञ्जीवनी	की सञ्जीवनी रूपा
निचयैः	=समूह से	कापि	=कोई अनिर्वचनीय
अभिषेचयन्ती	=सींचती हुई	निकुञ्जदेवी-जयति	=निकुञ्जदेवी सर्वोपरि जय को प्राप्त हो रही है ।

जय जय देवी निकुञ्ज बाला ।
अंग अंग प्रति बढ़ति अलौकिक सुधा तरंगनि माला ।।
सो पीयूष सार सिंचति उर कोटि काम शर मोहित ।
नन्द सुवन संजीवनि मानो करि व्यामोह तिरोहित ।।

तन्नः प्रतिक्षणचमत्कृतचारुलीला ।
लावण्यमोहनमहामधुराङ्गभङ्गि ।।
राधाननंहि मधुराङ्गकलानिधान ।
माविर्भविष्यति कदा रससिन्धुसारम् ।।६।।

प्रतिक्षण	=क्षण क्षण में
चमत्कृत	=चमत्कार पूर्ण
चारु लीला	=सुन्दर लीला के
लावण्य-मोहन	=लावण्य द्वारा मोहित करने में
महामधुराङ्ग-भङ्गि	=अत्यन्त मधुर अङ्ग भङ्गी पूर्ण
मधुराङ्ग-कलानिधानं	=मधुर शृङ्गार केलि की अङ्ग रूप कलाओं के निधि
रससिंधुसारम्	=एवं रस सिन्धु का सार रूप
तत्	=वह
राधाननं	=श्री राधाजी का मुख
नः	=हमारे (सम्मुख)
कदाहि	=कब (यथार्थ) रूप से
आविर्भ-विष्यति	=प्रकट होगा ?

निहारों कब सोइ राधा आनन ।
क्षण-क्षण महा चमत्कृत लीला मधुर भंगि को साधन ।।
सब रस सार सिंधु महा मोहन भाव भंगिमा दरसें ।
अति लावण्य चातुरी निधि-विधि निजहित हिय आकरषें ।।

यत्किङ्करीषु बहुशः खलु काकुवाणी ।
नित्यं परस्य पुरुषस्य शिखण्डमौलेः ॥
तस्याः कदा रसनिधेर्वृषभानुजाया ।
स्तत्केलिकुञ्ज भवनाङ्गणमार्जनीस्याम् ॥७॥

यत्	= जिन (श्रीप्रियाजी) की
किंकरीषु	= दासियों के प्रति
शिखण्डमौलेः	= मयूर मुकुट धारी
परस्यपुरुषस्य	= परम पुरुषोत्तम (लालजी) की
नित्यं	= नित्य निरन्तर
बहुशः	= बहुत बार
खलु	= निश्शंक रूप से
काकुवाणी- (भवति)	= कातर (चाटुकारिता पूर्ण) वचन रचना होती रहती है
तस्याः	= उन
रसनिधेर्वृष-भानुजायाः	= रस निधि श्रीवृष-भानुनन्दिनी की
तत्केलिकुञ्ज	= उस केलि कुञ्ज
भवनांगण	= भवनके आंगनकी
मार्जनी	= सोहनी देने वाली
कदा	= कब
स्याम्	= होऊँगी ?

करिहौ कब रति-भवन बुहारिनि ।
दोगी सो सौभाग्य इतौ कब स्वामिनि नित्य बिहारिनि ॥
परमपुरुष शिरमौर पिच्छ सजि जहँ प्रवेश कूँ तरसै ।
करै विनीत विनय दासिन की पुनि-पुनि उन पग परसै ॥
श्रीवन वसिकै लगी रैन दिन पल-पल यहै उतावल ।
निजहिय अन अधिकारी जाँचै हिय तुह्मरी किरपाबल ॥

वृन्दानिसर्वमहतामपहायदूराद् ।
वृन्दाटवीमनुसर प्रणयेन चेतः ॥

सत्तारणीकृतसुभावसुधारसौघं ।
राधाभिधानमिह दिव्य निधानमस्ति ॥८॥

चेतः	=हे मेरे मन !	इह	=यहां
सर्वमहताम्	=सभी महत्व पूर्ण (महापुरुषों) के	सत्तारणीकृत	=(सज्जनों के)तारने को तत्पर
वृन्दानि	=समूह को	सुभाव	=सुन्दर भाव रूप
दूरात्	=दूर से ही	सुधारसौघम्	=सुधारस के प्रवाह से पूर्ण
अपहाय	=त्याग कर	राधाभिधानं	=श्रीराधा नाम की
प्रणयेन	=प्रीति पूर्वक	दिव्यनिधानं	=अलौकिक निधि
वृन्दाटवीं	=वृन्दावन के मार्ग का	अस्ति	विराज रही है।
अनुसर	=अनुसरण कर (क्योंकि)		

रे मन ! मानि कही यह अब तो ।
दूरहि ते करि नमन अन्य जे महत बृन्द हैं सबको ॥
केवल श्रीबृन्दावन सों करि प्रीति-रीति को नाता ।
राधा दिव्य महा धन पैहौ अखिल निधिन की दाता ॥
जो रसिकन की भव उद्धरणी भाव सुधा कौं प्यावै ।
यों निज हित करि भवसागर तरि बिगड़ी सब बनि जावै ॥

केनापि नागरवरेण पदे निपत्य ।
संप्रार्थितैक परिरम्भरसोत्सवायाः ॥
सभ्रूविभङ्गमतिरङ्गनिधेः कदा ते ।
श्रीराधिके नहिनहीतिगिरः शृणोमि ॥९॥

श्रीराधिके ! = हे श्रीराधे !
केनापि किसी एक (अलौकिक)
नागरवरेण = चतुर शिरोमणि के द्वारा
पदे निपत्य = चरणोंमें पड़कर, अर्थात् चरणों में नतमस्तक होकर
एक = एक बार
परिरम्भ = आलिंगन
रसोत्सवाया: = रसमय उत्सव की
सम्प्रार्थिते = सम्यक् प्रार्थना करने पर
ते = आपके
अतिरङ्गनिधे: = निगूढ़ केलि-निधि रूप
सभ्रूविभङ्ग = कुटिल भृकुटि पूर्ण
नहि नहीति = "नहीं" "नहीं", ऐसे
गिर: (प्रतिकार) वचनों को
शृणोमि = कब सुनूँगी ?

सो वचनामृत तुव कब सुनि हौं ?
श्रीराधे ! 'नहिं' 'नहिं' बोलत वर कौतुक निधि कर धुनि हौं ।।
चतुर शिरोमणि नवकिशोर इक चरननि लुठत तिहारे ।
नित परिरम्भन रस उत्सव चहैं तुमसों दीन विचारे ।।
कोप कपट भ्रू-भंग विलोकनि रस मय वचन् उचारौ ।
सोई नेति-नेति ध्वनि निजहित जनु वेदन कौ सारौ ।।

यत्पादपद्मनखचन्द्रमणिच्छटाया
विस्फूर्जितं किमपि गोपवधूष्ववर्शि ।।
पूर्णानुरागरससागरसारमूर्त्तिः ।
सा राधिकामयि कदापिकृपां करोतु ।।१०।।

यत् = जिनके
पादपद्म = चरणकमल-स्थित
नखचन्द्रमणि = चन्द्राकार नख मणि की

छटायाः	=कान्ति का	रस सागर सारमूर्त्तिः	=शृङ्गार रस सागर की सारमूर्ति
किमपि	=कुछ अनिर्वचनीय	राधिका	=श्रीराधिका
विस्फूर्जितम्	=चमत्कारी प्रभाव	कदापि	=कभी
गोपवधूषु	=गोपवधूटियों में	मयि	=मेरे ऊपर
अदर्शि	=लक्षित हुआ है	कृपां करोतु	=कृपा करें
सा	=वह		
पूर्णानुराग	=परिपूर्ण प्रेमस्वरूप		

कबहुं कहुं लहौं कृपा तुव स्वामिनि ।
श्री राधे ! अनुराग प्रपूरण रस सागर वपु कामिनी ।।
तुव पद पद्म चन्द्र नख मणि दुति अकथ प्रकाश प्रकासी ।
दरसतु गोप बधुनि उर निज हित चिन्तत नित रस रासी ।।

उज्जृम्भमाणरसवारिनिधेस्तरंगै-
रंगैरिव प्रणयलोलविलोचनायाः ।
तस्याः कदा नु भविता मयि पुण्यदृष्टि-
र्वृन्दाटवीनवनिकुञ्जगृहाधिदेव्याः ।।११।।

उज्जृम्भमाण	=निरन्तर उत्कृष्ट रूप से उच्छलित	तस्याः	=उन
रस वारिनिधेः	=रस सागर की	वृन्दाटवी	=वृन्दावन के
तरङ्गैः	=तरंगों के	नव निकुञ्ज	=नव निकुञ्ज रूप
इव	=समान	गृहाधिदेव्याः	=सदन की अधिष्ठात्री देवी की
अङ्गैः	=अङ्गों से (अलंकृत)	कदानु	=क्या कभी
प्रणयलोल	=प्रणय के कारण चंचल	मयि	=मुझ पर
विलोचनायाः	=नेत्रों वाली	पुण्य दृष्टि	=पवित्र दृष्टि
		भविता	=होगी ?

देवी नव निकुञ्ज वृन्दावन ।
अधिष्ठात्रि ! कहुं आप कृपा करि करि हौं दासि विलोकन ॥
नेत्र प्रणय रस युत चंचल अरु अङ्ग प्रफुल्लित दरसौं ।
रस सागर उद्गम लहरिनु जे-निज हित हिय कब परसौं ॥

वृन्दावनेश्वरि तवैवपदारविन्दं-
प्रेमामृतैकमकरन्दरसौघपूर्णम् ।
हृद्यर्पितं मधुपतेः स्मरतापमुग्र-
निर्वापयत्परमशीतलमाश्रयामि ॥१२॥

वृन्दावनेश्वरि	=हे वृन्दावनेश्वरि !		अर्पित होने से
प्रेमामृत	=प्रेमामृत के	उग्रम्	=तीव्र
एक	=एक मात्र	स्मरतापम्	=काम व्यथा को
मकरन्द	=मकरन्द	निर्वापयत्	=शान्त करने वाले
रसौघपूर्णम्	=रस के प्रभाव से पूर्ण तथा)	तवैव	=आप के ही
		परम शीतलम्	=अत्यन्त शीतल
मधुपतेः	=श्री लाल जी के	पदारविन्दम्	=चरण कमल का
हृद्यर्पितम्	=वक्षस्थल पर	आश्रयामि	=आश्रय लेता हूँ

नहि नहि अनत कहूं अवलम्ब ।
शीतल परम पद्म पद विनु तुव सत्य कहौं तजि दम्भ ॥
श्री वृन्दावन स्वामिनि तव पद प्रेम सुधा रस रासि ।
मधुपति हिय धरि लहि मरन्द हित स्मर ताप विनासि॥

राधाकरावचितपल्लववल्लरीके-
राधापदांकविलसन्मधुरस्थलीके ।
राधायशोमुखरमत्तखगावलीके-
राधाविहारविपिने रमतां मनो मे ॥१३॥

राधा	=श्रीराधाजी के		कीर्त्तिगान से
करावचित	=कर कमलों द्वारा संस्पृष्ट	मुखर	=चहचहाते (प्रसन्न चित्त)
पल्लव	=पल्लव वाली	मत्त	=मतवाले
वल्लरीके	=लताओं से अलंकृत	खगावलीके	=पक्षि समूह से राजित
राधा	=श्रीराधाजी के	राधा	=श्री राधा जी के ऐसे (उपर्युक्त)
पदाङ्क	=चरण कमलों के चिन्हों से	विहारविपिने	=विहार वन श्री वृन्दावन में
विलसन्	=शोभायमान	मे मनो रमताम्	=मेरा मन निरंतर रमण करे।
मधुरस्थलीके	=मनोहर स्थलियों से मण्डित (एवं)		
राधा यशः	=श्री राधा जी के		

रे मन ! श्री वन नित मँडरा।
जहँ श्री राधा सुयश खगावलि गुनत मत्त मुखरा ॥
पद चिन्हित भुवि कुञ्ज केलि बहु थली मनोहर राजें।
कर परसत पल्लव वल्लरि बहु निजहित रसमयि भ्राजें ॥

कृष्णामृतं चल विगाढुमितीरिताहं-
तावत्सहस्व रजनी सखि यावदेति।
इत्थं विहस्य वृषभानुसुतेह लप्स्ये-
मानं कदा रसदकेलिकदम्बजातम् ॥१४॥

सखि	=हे सखि !	चल	=चलो
कृष्णामृतम्	=श्याम रूपी अमृत (श्लेष) यमुना जल में	अहम्	=मैं (इस प्रकार)
		ईरितो	=आज्ञा किये जाने पर (उत्तर में कहूँगी)
विगाढुम्	=स्नान करने को		

यावत्	=जब तक	रसदकेलि	=रस दायिनी केलि
रजनी	=रात्री	कदम्बं	=समूह से
एति	=प्राप्त हो	जातम्	=समुत्पन्न
तावत्	=तब तक	मानम्	=सम्मान को
सहस्व	=धैर्य्य धारण करो	अहम्	=मैं
इत्थं	=इस प्रकार	कदा	=निश्चित-रूप से कब
विहस्य	=परिहास करती हुई	लप्स्ये	=प्राप्त करूँगी ?
हे वृषभानु सुते !	=हे श्रीभानुसुते!		

कबहुं हौं करि हौं रसद विनोद ।
श्री बृषभानु नन्दिनी सुनि तुम मानौगी महा मोद ॥
जब तुम मोसों कहो चलैं सखि ! कृष्णामृत अवगाहैं ।
कहौं-धीर धरु रजनि उचित सुनि आप सुहास्य सराहैं ॥

पादांगुलीनिहितदृष्टिमपत्रपिष्णुं-
दूरादुदीक्ष्य रसिकेन्द्रमुखेन्दुविम्वम् ।
वीक्षे चलत्पदगतिं चरिताभिरामां-
झंकारनूपुरवतीं वत कर्हि राधाम् ॥१५॥

दूरात्	=दूर से ही		की अँगुलियों में
रसिकेन्द्र	=रसिक शेखर (श्री लाल जी के	निहित दृष्टिम्	=नजर जमाए हुए
मुखेन्दु विम्बम	=मुख चन्द्र की छटा को	चरिताभिरामाम्	=अपने चारु चरित्रों से अति रम्य
उदीक्ष्य	=भली भाँति पहिचान कर	झङ्कार नूपुरवतीं	=बजते हुए नूपुर वाली
अपत्रपिष्णुं	=परम लज्जावती	चलत्पदगतिं	=चरण कमलों की गति युक्त
पादांगुली	=स्वकीय चरणकमल		

राधाम्	=श्री राधा जी को	कर्हि	=कब (मैं)
वत	=अहाहा	वीक्षे	=देखूँगी ?

यहि विधि कब देखौं तुहि स्वामिनि ।
शेखर रसिक लाल मुख विधु दुति निरखति जब अभिरामिनि ॥
कछुक लजीली दृष्टिपात निज चरण अंगुरियनि कीनी ।
नूपुर झंकृत मन्थर गति निज हित निकुञ्ज धुनि भीनी ॥

उज्जागरं रसिकनागरसंगरंगैः-
कुञ्जोदरे कृतवती नु मुदा रजन्याम् ।
सुस्नापिता हि मधुनैव सुभोजिता त्व-
राधे कदा स्वपिषि मत्करलालितांघ्रिः ॥१६॥

राधे	=हे श्री राधे !	कृतवती	=किया हो (फिर)
त्वं	=आपने	(प्रातः) हि	=भोर ही (मेरे द्वारा)
रजन्याम्	=सारी रात	सुस्नापिता	=स्नान कराए जाने के बाद
रसिक नागर	=रसिक शेखर श्री-श्री लाल जी के	मधुनैव	=मधुर
संग	=साथ	सुभोजिता	=बाल-भोग लगाकर
रङ्गै	=प्रेम विहार में	मत्कर	=मेरे कर युगल से
मुदा	=हर्ष पूर्वक	लालितांघ्रि	=चरण कमलों का लालन पाकर
कुञ्जोदरे	=कुञ्ज भवन में	कदा	=कब
नु	=निश्चय ही	स्वपिषि	=शयन करेंगी ?
उज्जागरं	=जागरण		

ह्वै है कब सुभाग्य अस मेरो ।
प्रात समुझि स्वामिनि विथकित तन कुञ्ज सदन निशि जागी ॥
प्रियतम रसिक लाल सँग विलसी महा मुदित अनुरागी ॥
न्हाइ उबटि तुहि मधुर मधुर कछु करवाऊं जु कलेऊ ।
पद संवाहन करि निज हित कर स्वाइ सेज पर सेऊं ॥

वैदग्ध्यसिंधुरनुरागरसैकसिन्धु-
र्वात्सल्यसिन्धुरतिसांद्रकृपैकसिंधुः ।
लावण्यसिंधुरमृतच्छविरूपसिंधुः-
श्रीराधिका स्फुरतु मे हृदि केलिसिंधुः ॥१७॥

वैदग्ध्य सिंधुः = चातुरी (कोक गान नृत्य वाद्य आदि समस्त कला) की सिंधु
अनुराग रसैक सिंधुः = अखिल माधुर्य की एकमात्र सिंधु
वात्सल्य सिंधुः = वत्सलता की सिंधु
अति सान्द्र = अत्यन्त घनीभूत
कृपैक सिन्धुः = कृपा की एकमात्र सिन्धु

लावण्य सिन्धुः = यौवन छटा की सिन्धु
अमृतच्छवि रूप = अविनाशी कांति वाले रूप की
सिन्धुः = सिन्धु
केलि = केलि कलाप की
सिन्धुः = सिन्धु
श्रीराधिका = श्रीराधिका जू
मे = मेरे
हृदि = हृदय में
स्फुरतु = स्फुरित हों ?

फुरें उर सप्तसिन्धु१ श्री राधा ।
सिन्धु चतुरता१ अरु वत्सलता२ रस अनुराग३ अगाधा ॥
घनीभूत इक मात्र कृपा४ सिंधु है लावण्य५ अबाधा ।
छविद पीयूष सिन्धु निज हित रति केलि७ सिन्धु विनु बाधा ॥

दृष्ट्वैव चंपकलतेव चमत्कृतांगी-
वेणुध्वनिं क्व च निशम्य च विह्वलांगी ।
सा श्यामसुन्दरगुणैरनुगीयमानैः-
प्रीता परिष्वजतु मां वृषभानुपुत्री ॥१८॥

१टिप्पणी—सप्तसिंधु : १ शुद्धोदक, २ दुग्ध, ३ दधि, ४ घृत, ५ सुरा, ईख, ७ क्षार (केलि कैवल श्रवण गान करे) ।

या प्रियतमम् =जो प्यारे लाल का
दृष्ट्वैव =दर्शन करते ही
चम्पकलतेव =चंपकलता के सदृश
चमत्कृताङ्गी =कम्पित कलेवर हो उठती हैं
क्वच =और कभी
वेणु =वंशी के
ध्वनिं =नाद को
निशम्य =सुन कर
विह्वलाङ्गी =विकल-वपु हो जाती हैं
श्यामसुन्दर =श्री लालजी के
गुणैः =गुणों का (मुझ से)
अनुगीयमानैः =रुचि पूर्वक गान सुनकर
प्रीता =प्रसन्न हो
सा =वह
वृषभानुपुत्री =वृषभानुनन्दिनी
मां (कदा) =मुझे (कब)
परिष्वजतु =आलिङ्गन करेंगी?

कबहुं तव, निज हिय मुहि भेंटौगी ॥
श्री वृषभानुनंदिनी तुम पिय श्यामहि जबै विलोकयौ ।
चम्पकलता समान कंप वपु जात न तुम पै रोकयौ ॥
सुनत कबहुं धुनि वेणुनादवश विह्वल अंग तिहारौ ।
श्रवण सुनत यश श्यामसुंदर निज हित उर रस विस्तारौ ॥

श्रीराधिके सुरतरंगि नितम्बभागे-
कांचीकलापकलहंसकलानुलापैः ।
मंजीरशिंजितमधुव्रतगुञ्जितांघ्रि-
पंकेरुहैः शिशिरयस्व रसच्छटाभिः ॥१६॥

सुरतरङ्गि =विहार रंग रञ्जित
नितम्बभागे =नितम्ब प्रान्तवाली
श्री राधिके! =हे श्री राधिके !
काञ्ची =करधनी के
कलाप =सरस राव रूप
कलहंस =कलहंसों के
कलानुलापैः =मधुर कलरव से एवं
मञ्जीर =नूपुर की
शिञ्जित =ध्वनि रूप
मधुव्रत =भ्रमरों के
गुञ्जित =गुञ्जार से युक्त

अङ्घ्रि	=चरण	रसच्छटाभिः	=रस की छटाओं से (मुझे)
पङ्करुहैः	=कमलों के द्वारा	शिशिरय	=शीतल करो।
स्व	=अपनी		

केलि सुरत-रंग नितम्ब भोगे।
हे राधे ! कांची कलाप तुव कलकलात हंसनि धुनि लागे ॥
पद पंकज नूपुर झंकृत अति मन्द मत्त मधुकर रव पागे।
कृपामयी यह रसद छटा उर निज हित सोंचु-भाव जिहि जागे ॥

श्रीराधिके सुरतरंगिणि दिव्यकेलि-
कल्लोलमालिनि लसद्वदनारविंदे।
श्यामामृतांबुनिधिसङ्गमतीव्रवेगि-
न्यावर्त्तनाभिरुचिरे मम सन्निधेहि ॥२०॥

दिव्य	=अप्राकृत	तीव्र	=अबाध
केलि	=विहार रूप	वेगिनी	=गति शालिनी
कल्लोल	=लहर	आवर्तनाभि	=नाभि रूप आवर्त से
मालिनि	=मालाओं (प्रवाहों) से मण्डित	रुचिरे !	=आकर्षक
लसद्वदन्	=सुशोभित मुख	सुरतरङ्गिणि	=गंगाजी के समान
अरविन्दे !	=कमल वाली !	श्रीराधिके !	=हे श्री राधिके !
श्याम	=प्रियतम रूप	मम	=मुझे (अपना)
अमृताम्बुनिधि	=अमृतरससागर के	सन्निधेहि	=सामीप्य प्रदान कीजिये।
सङ्गम	=समागम के लिये		

दिव्य केलि रस तरंग माले !
वदन प्रभा अरविन्द तीव्र गति श्याम सुधा सागर ढिग चाले ॥
हे राधे ! गंभीर भंवर युत नाभि सुरत नदि अनुपम तेरी।
निज हित दासी कौं अपनी करि शरणागत लै राखौ नेरी ॥

सत्प्रेमसिन्धुमकरन्दरसौघधारा-
सारानजस्रमभितः स्रवदाश्रितेषु ।
श्रीराधिके ! तव कदा चरणारविन्दं
गोविन्दजीवनधनं शिरसा वहामि ॥२१॥

श्री राधिके ! =हे श्री राधिके !
आश्रितेषु =आधीन जनों पर
अभितः =चारों ओर से
सत्प्रेम =निर्मल प्रेम
सिन्धु =सिन्धु रूपी
मकरन्द =मकरन्द
रसौघ =रस प्रवाह के
धारासारान् =अटूट सम्पात को
अजस्रम् =निरन्तर
स्रवत् =उड़ेलते हुए (एवं)
गोविन्द =श्री लाल जी के
जीवन धनं =एक मात्र जीवन सर्वस्व
तव =आपके
चरण =चरण
अरविन्दं =कमल को
(अहं) कदा =(मैं) कब
शिरसा =अपने सिर पर
वहामि =धारण करूंगी ?

कब सिर धरिहौं तुव चरणन कँह ।
श्रीराधिके ! सतत बर्षत जे सुधा सार रसिकन मँह ॥
सागर महा प्रेम इक रस उर उदित करें भक्तन के ।
निज हित सों पद गोविन्द सेवें जीवनधन निज मन के ॥

संकेतकुञ्जमनुकुञ्जरमन्दगामि-
न्यादाय दिव्यमृदुचन्दनगन्धमाल्यम् ।
त्वां कामकेलिरभसेन कदा चलन्तीं
राधेनुयामि पदवीमुपदर्शयन्ती ॥२२॥

राधे ! =हे श्री राधे !
काम केलि रभसेन =प्रेम विहार की उत्सुकता से
कुञ्जमनु =कुञ्ज की ओर

चलन्तीं = प्रस्थान करती हुई
त्वामनु = आपके पीछे-पीछे (आपको)
पदवीं = अभीष्ट मार्ग
उपदर्शयन्ती = दिखाती हुई
दिव्य = अलौकिक
मृदु = कोमल
चन्दन = चन्दन (तथा)
गन्ध = सुगन्धित
माल्यम् = मालाओं को
आदाय = लेकर
कुञ्जर = गज जैसी
मन्द = मन्द
गामिनी = गति से (मैं)
कदा = कब
यामि = चलूँगी ?

जब तुम कुञ्ज केलि दिशि चालो ।
राधे ! उत्कण्ठित गज गामिनि मुहि सँग दासि बना लो ॥
उबटन गंध शीत चन्दन कुसुमित मालादिक दिव्य ।
लिये संग पाछे लगि निज हित दर्शाऊँ पथ भव्य ॥

गत्वा कलिन्दतनयाविजनावतार-
मुद्वर्त्तयन्त्यमृतमङ्गमनङ्गजीवम् ।
श्रीराधिके तव कदा नवनागरेन्द्र
पश्यामि मग्ननयनं स्थितमुच्चनीपे ॥२३॥

श्री राधिके ! = हे श्री राधिके !
कलिन्दतनया = श्रीयमुना जीके
विजन = एकान्त निर्जन
अवतारं = घाट पर
गत्वा = जा कर
अनङ्गजीवम् = कामदेवको जीवित करने वाले
तव = आपके
अमृतमङ्गम् = अमृत सार अङ्गों का
उद्वर्त्तयन्ती = उबटन करती हुई
उच्चनीपे = विशाल कदम्बपर
स्थितम् = विराजमान (आपके दिव्य वपु के प्रति)
मग्ननयनम् = दृष्टि जमाए हुए
तव = आपके

नव नागरेन्द्रम् = नागर किशोर शिरोमणि (प्रियतम) को	कदा = कब
	पश्यामि = देखूँगी ?

कबहुं अस कौतुक एक निहारौं।
राधे ! काम जीवि अँग-अँग तुव उबटन करत पखारौं ।।
यमुना तीर घाट निर्जन तहँ तरु कदम्ब पै नागर।
दुरे स्नान करती निज हित लगि निखरत तुमहिं उजागर ।।

सत्प्रेमराशिसरसो विकसत्सरोजं
स्वानन्दसीधुरससिन्धुविवर्द्धनेन्दुम्।
तच्छ्रीमुखंकुटिलकुन्तलभृङ्गजुष्टं
श्रीराधिके तव कदा नु विलोकयिष्ये ।।२४।।

श्री राधिके ! = हे श्रीराधिके !	पूर्ण चन्द्र तुल्य एवं)
सत्प्रेम = श्रेष्ठतम प्रेम	कुटिल = घुँघराली
राशि = पुञ्ज	कुन्तल = अलकावली रूप
सरसः = सरोवर के	भृङ्गजुष्टं = भ्रमरों से वेष्टित
विकसत् = खिले हुए	तव = आपके
सरोजम् = कमल के समान	तत् = उस
स्वानन्द = निजानन्द रूप	श्री मुख = शोभाशाली मुख का
सीधु = अमृत पूर्ण	
रस सिन्धु = रस सिन्धु को	कदानु = कब भली भांति
विवर्द्धनेन्दुम् = उच्छलित करने में	विलोकयिष्ये = दर्शन करूँगी।

राधे ! तुव श्रीमुख की शोभा।
मानहुँ पूर्ण इन्दु रस सिन्धुहि उछरत जनु मन लोभा ।।
अथवा प्रेम पुञ्ज सरवर तें निकस्यौ अब्ज समान।
निरखौं निज हित कुन्तल कच जनु मत्त भ्रमर उरझान ।।

लावण्यसाररससारसुखैकसारे
कारुण्यसारमधुरच्छविरूपसारे ।
वैदग्ध्यसाररतिकेलिविलाससारे
राधाभिधे मम मनोखिलसारसारे ॥२५॥

लावण्य सार = लावण्य के सार
रस सार = रस के सार
सुखैक सारे = सुख के एक मात्र सार
कारुण्य सार = करुणा के सार
मधुरच्छवि = मधुर कान्ति से युक्त
रूप सारे = रूप के सार
वैदग्ध्य सार = चातुरी के सार
रति केलि = सुरत क्रीड़ा पूर्ण
विलास सारे = विहार के सार एवं
अखिल सार = समस्त सारों के भी
सारे = सार सर्वस्व रूप
राधाभिधे = श्री राधा नामक = सार में
मम = मेरा
मनः = मन
रमताम् = रमण करे ।

अखिल सार को सार स्वरूप ।
केवल राधा नाम स्वामिनी रे मन ! भजि अनुरूप ॥
सर्वसार लावण्य अखिल जे सुख हैं तिन को सार ।
करुणासार मधुर छवि सारहु अन्य सार निस्सार ॥
सार सकल चातुर्य्य केलि रति रास जु निज हित सार ।
सर्व सार दृढ़ गहो एक मन दत गुरु हित अनुसार ॥

चिन्तामणिः प्रणमतां व्रजनागरीणां
चूडामणिः कुलमणिर्वृषभानुनाम्नः ।
सा श्यामकामवरशान्तिमणिर्निकुञ्ज
भूषामणिर्हृदयसम्पुटसन्मणिर्नः ॥२६॥

या = जो	शान्त करने वाली
प्रणमतान् = प्रणाम करनेवालों को	शान्तिमणि: = शीतल मणि (एवं)
चिन्तामणि: = चिन्तामणि	निकुञ्जभूषा = निकुञ्ज भवन को
व्रज नागरीणां = व्रज सुन्दरियोंकी	मणि: भूषित करने वाली मणि है
चूड़ामणि: = शिरोमणि	सा = वह (श्रीराधा)
वृषभानुनाम्न: = श्रीवृषभानुजी के	न: = हमारे
कुलमणि: = समस्त कुल की मणि	हृदय = हृदय रूपी
	सम्पुट = सम्पुट की
श्याम कामवर = प्रियतम के काम	सन्मणि:(अस्ति) = श्रेष्ठतममणि है

कुञ्ज भवन भूषणमणि राधा
मो हिय संपुट दिव्य सु-मणि सो वृषभानू कुलमणी अगाधा ॥
श्याम काम शमनी कमनी मणि व्रज नव तरुणी मुकुट मणि प्यारी ।
निज हित रसिकन की चिन्तामणि अखिल कामना पुरण कारी ॥

मञ्जुस्वभावमधिकल्पलतानिकुञ्जं
व्यञ्जन्तमद्‌भुतकृपारसपुञ्जमेव ।
प्रेमामृताम्बुधिमगाधमबाधमेतं
राधाभिधं द्रुतमुपाश्रय साधु चेतः ॥२७॥

चेतः ! = हे मन !	व्यञ्जन्तं = प्रकट करते हुए
अधिकल्पलता = कल्पलता कीकुञ्ज	मञ्जु = मनोज्ञ
निकुञ्जं में विराजमान	स्वभावम् = स्वभाव वाले
अद्‌भुत = अभूतपूर्व	अगाधं = अथाह एवं)
कृपारस पुञ्जम् = कृपा रस के समूह को	अबाधं = समस्त बाधाओं को दूर करने वाले
एव = निश्चय रूप से	एतं = इस

राधाभिधं = श्रीराधा नामक	साधु = दृढ़ता से
प्रेमामृताम्बुधिं = प्रेमामृत सागर का	उपाश्रय = अवगाहन कर।
द्रुतम् = शीघ्र	

रे मन ! सुन मेरी इक बात।
श्री राधा प्रेमामृत सागर अगम अबाध उदात ॥
मृदुल स्वभाव भाव सुर वल्ली निभृत निकुञ्ज विराजे।
अद्भुत कृपा पुञ्ज रसवर्षी गहि उर निज हित आजे ॥

श्रीराधिकां निजविटेन सहालपन्तीं
शोणाधरप्रसृमरच्छविमञ्जरीकाम्।
सिन्दूरसम्वलितमौक्तिकपंक्तिशोभां
यो भावयेद्दशनकुन्दवतीं स धन्यः ॥२८॥

शोणाधर = रक्तवर्ण अधर से	निज = अपने
प्रसृमरच्छवि = छिटकती हुई कांति	विटेन = लम्पट प्रियतम से
मञ्जरीकाम् = मञ्जरी से युक्त	सहालपन्तीं = बात-चीत करती हुई
सिन्दूर = सिन्दूर से	श्री राधिकां = श्रीराधिकाजीकी
सम्वलित = सनी हुई	यः = जो कोई
मौक्तिक = मोतियों की	भावयेत् = भावना करता है
पंक्ति = लड़ियों की मांगसे	सः = वह
शोभां = सुशोभित	धन्यः = कृतार्थ है।
दशन कुन्दवतीम् = कुन्दकली के समान दन्त पंक्ति वाली	

भाव परायण अस बड़ भागी।
ध्यावहिं दम्पति सम्भाषण जब करत केलि रस पागी ॥

तिहि क्षण अधरनि गाढ लालिमा चहुँ दिशि प्रभा प्रकासी।
भाल विशाल मांग मुक्तावलि सेन्दुर रेख प्रभासी॥
दन्तावली कुन्द कलिका की माला सम दरसावैं।
धन्य धन्य अति धन्य रसिक निज हित यों लाड़ लडावैं॥

पीतारुणच्छविमनन्ततडिल्लताभां
प्रौढानुरागमदविह्वलचारुमूर्त्तिम्।
प्रेमास्पदं व्रजमहीपतितन्महिष्यो-
गोविन्दवन्मनसि तां निदधामिराधाम्॥२६॥

पीतारुण =स्वर्ण वर्ण
छविम् =कान्ति सम्पन्न
अनन्त =असीम
तडिल्लताभं =विद्युत् लताओं की प्रभा वाली
प्रौढानुराग =घनीभूत प्रगाढ़ अनुराग के
मदविह्वल =मदसे भाव विभोर (एवं)
चारु =सुन्दर
मूर्त्तिम् =विग्रह वाली
व्रजमहीपति=व्रजेश्वर नन्द की
(तथा)
तत् =उनकी
महिष्योः =रानी (यशोदा) दोनों की
गोविन्द =लाल जी के
वत् =समान
प्रेमास्पदं =प्रेम पात्र
तां =उन
राधां =श्री राधा जी को
मनसि =मन में
निदधामि =धारण करती हूं

सो छवि श्री राधा उर धरि हौं॥टेक॥
पीत अरुण मिश्रित कञ्चन दुति चपला अमित उदोति।
मद उन्मत्त प्रगाढ़ रागमयि मूरति कमनी ज्योति॥
व्रज रानी व्रजराज लड़ावैं निज गोविन्द समान।
ऐसी प्रेम पात्र दम्पति की निज हित नित उर आनि॥

निर्माय चारुमुकुटं नवचंद्रकेण
गुञ्जाभिरारचितहारमुपाहरन्ती।
वृन्दाटवीनवनिकुञ्जगृहाधिदेव्याः
श्रीराधिके तव कदा भवितास्मि दासी ॥३०॥

श्री राधिके ! = हे श्रीराधिके !
नवचन्द्रकेण = नवीन मोरपिच्छ का
चारु = मनोहर
मुकुटं = मुकुट
निर्माय = बनाकर
गुञ्जाभिः = घुंघुचियों से
आरचित = भलीभांति गूंथी हुई
हारम् = माला
उपाहरन्ती = समर्पित करती हुई
वृन्दाटवी = श्री वृन्दावन के
नव = नूतन
निकुञ्ज = निकुञ्ज
गृहाधिदेव्याः = सदन की अधिष्ठात्री देवी
तव = आपकी
दासी = किङ्करी
कदा = कब
भवितास्मि = बनूंगी ?

कबहुँ हौं ह्वै हों तुव अस दासी।
हे श्री राधे ! श्री वन नव घन कुञ्ज देवि अधिवासी ॥
नव नव केकी पिच्छ चन्द्रिका निर्मित मुकुट सजाकर।
गुञ्जा खचित हार निज हित रचि पहुँचाऊं ले जाकर ॥

संकेतकुञ्जमनुपल्लवमास्तरीतु
तत्तत्प्रसादमभितः खलु संवरीतुम्।
त्वां श्यामचन्द्रमभिसारयितुं धृताशे
श्रीराधिके मयि विधेहि कृपाकटाक्षम् ॥३१॥

श्री राधिके = हे श्रीराधिके !
संकेत = इङ्गित, संकेत
कुञ्जमनु = कुञ्जों में
पल्लवम् = पल्लव (शय्या)

आस्तरीतुं	=रचने के लिये	श्यामचन्द्रं	=श्याम-शशि (लाल जी) के प्रति
अभितः	=सब प्रकार से	अभिसारयितुं	=अभिसार कराने के उद्देश्य से
तत्तत्	=उस-उस	धृताशे	=आशा युक्त
प्रसादं	=प्रसाद (कृपा) को	मयि	=मुझ पर
खलु	=निश्चय रूप से	कृपाकटाक्षं	=कृपा दृष्टि
संवरीतुं	=भलीभाँति छिपाने के लिये	विधेहि	=कीजिये
त्वां	=आपको		

कीजिय इतनी कृपा विधान।
श्री राधे ! मम इक अभिलाषा बिनवौं तत्सुख मान ॥
संकेतित नव कुंज जहाँ तहँ नव नव पल्लव सज्जा।
रचि कै तुम्हें छिपाइ तहाँ पै लै जाऊँ तजि लज्जा ॥
तहाँ श्याम सुन्दर नायक सों तुम्हरी भेंट कराऊँ।
जानि तुम्हें निज हित प्रसन्न मन कृत्य कृत्य ह्वै जाऊँ ॥

दूरादपास्य स्वजनान्सुखमर्थकोटिं
सर्वेषु साधनवरेषु चिरं निराशः।
वर्षन्तमेव सहजाद्भुतसौख्यधारां
श्रीराधिकाचरणरेणुमहं स्मरामि ॥३२॥

अहं	=मैं	सर्वेषु	=सब प्रकार के
स्वजनान्	=वन्धु-बान्धवों को	साधनवरेषु	=पारमार्थिक श्रेष्ठ साधनों को
सुखं	=समस्त सुखों को	चिरं	=दीर्घ काल तक करने के बाद
अर्थकोटिं	=कोटि कोटि-सम्पत्तियों को	निराशः	=निराश होकर
दूरात्	=दूर से ही	सहज	=अनायास
अपास्य	=त्याग करके (तथा)		

अद्भुत	=अनुपम
सौख्य	=सुख की
धारां	=धारा
वर्षन्तं	=वरसाती हुई
श्रीराधिका	=श्री राधा जी की
चरण	=चरण
रेणुं	=रज का
एव	=एक मात्र
स्मरामि	=स्मरण करती हूँ

सुमिरि हों श्री राधा पद रेनु ।
अद्भुत सहज सकलसुखवर्षी धारा सम सुर धेनु ॥
तजि सब स्वजन दूरितें कोटिन साधन सों गयो ऊब ।
सब सुख सम्पति तजि निराश ह्वै सूझ्यौ निज हित खूब ॥

वृन्दाटवीप्रकटमन्मथकोटिमूर्त्तेः
कस्यापि गोकुलकिशोरनिशाकरस्य ।
सर्वस्वसम्पुटमिव स्तनशातकुम्भ-
कुम्भद्वयं स्मर मनो वृषभानुपुत्र्याः ॥३३॥

मनः !	=हे मेरे मन !
वृन्दाटवी	=श्रीवृन्दावन में
प्रकट	=नित्य विराजमान
मन्मथकोटि	=कोटि कोटि मदन से भी
मूर्त्तेः	=सुन्दर विग्रह वाले
कस्यापि	=किसी अनिर्वचनीय
गोकुलकिशोर	=गोकुल के नित्य-किशोर
निशाकरस्य	=चन्द्रमा के
सर्वस्व	=सर्वस्व रखने की
सम्पुटं	=पिटारी के
इव	=समान,
वृषभानु	=श्रीवृषभानु बाबा की
पुत्र्याः	=दुलारी के
स्तन	=युगल उरोज रूप
शातकुम्भ	=स्वर्ण
कुम्भद्वयम्	=कलश द्वय का
स्मर	=स्मरण कर ।

हे मन ! ध्याइ सुमिर लगि वरसन ।
श्री वृषभानु सुता कुच युग अति स्निग्ध हेम ह्वै कलसन ॥

श्रीवृन्दावन राजत कोउ इक गोकुल चन्द किशोर।
मन्मथ मथे कोटि उर निज हित सर्वस लखि कुच कोर ॥

सान्द्रानुरागरससारसरः सरोजं
किंवा द्विधा मुकुलितं मुखचन्द्रभासा।
तन्नूतनस्तनयुगं वृषभानुजायाः
स्वानन्दसीधुमकरन्दघनं स्मरामि ॥३४॥

किंवा	=क्या
सान्द्रानुराग	=निविड़ अनुराग
रस सार	=रस सार
सरः	=सरोवर का
सरोजं	=कमल ही
मुखचन्द्र	=मुख-शशि की
भासा	=कान्ति से
द्विधा	=दो भाग होकर
मुकुलितं	=कलिका में परिणत हो गया है!
वृषभानुजायाः	=(ऐसे) वृषभानु कुमारी के
स्वानन्द	=निजानन्द
सीधु	=अमृत रूप
मकरन्द	=मकरन्द से
घनं	=घनीभूत
तत्	=उस
नूतन	=नवीन
स्तन	=उरोज
युगं	=युगल का (मैं)
स्मरामि	=स्मरण करती हूँ

प्रेम सर सरवस सार सरोज।
मुकुलित मानौं चन्द्र निरखि विवि रूप भयो वै ओज ॥
सो सरोज स्वानन्द घनामृत श्री वृषभानु सुता के।
कुच युग सुमिरौं निज हित हिय घन लक्ष्य नेह ममता के ॥

क्रीडासरः कनकपङ्कजकुड्मलाय
स्वानन्दपूर्णरसकल्पतरोः फलाय।
तस्मै नमो भुवनमोहनमोहनाय,
श्रीराधिके! तव नवस्तनमण्डलाय ॥३५॥

श्रीराधिके !	=हे श्री राधिके !
क्रीडा	=केलि
सरः	=सरोवर के
कनक	=सुवर्ण
पङ्कज	=कमल की
कुड्मलाय	=कलिका के समान
स्वानन्द	=निजानन्द से
पूर्ण	=भरपूर
रसकल्पतरोः	=रसमय कल्पवृक्ष के
फलाय	=फल के समान
भुवनमोहन	=त्रिभुवन मोहन लाल जी को भी
मोहनाय	=मोहित करने में समर्थ
तस्मै	=उस
तव	=आपके
नव	=नवीन
स्तनमण्डलाय	=स्तन मण्डल को (मेरा)
नमः	=नमस्कार हो ।

नमो नमो नव कुच मण्डल कौं ।
श्री राधे ! तुव आनँद रस के सुर तरुवर के फल कौं ॥
कनक कमल कलि केलि सरोवर सम उपमा नहिं आन ।
सकल भुवन मोहन-मोहन हूं मोहित निज हित जान ॥

पत्रावलीं रचयितुं कुचयोः कपोले
बन्धुं विचित्रकबरीं नवमल्लिकाभिः ।
अङ्गं च भूषयितुमाभरणैर्धृताशे
श्रीराधिके मयि विधेहि कृपावलोकम् ॥ ३६ ॥

श्रीराधिके !	=हे श्रीराधिके !
तव	=आपके
कुचयोः	=स्तन (और)
कपोले	=कपोलों पर
पत्रावलीं	=चित्रकारी
रचयितुं	=रचने के लिये
नव	=नवीन
मल्लिकाभिः	=मल्लिका के पुष्पोंसे
विचित्र	=अपूर्व
कबरीं	=केश-पाश
बन्धुं	=सजाने के लिये
च	=और
आभरणैः	=आभूषणों से
अङ्गं	=श्रीअङ्ग को

भूषयितुं	=विभूषित करने के लिये	मयि	=मुझ पर
धृताशे	=आशा लगानेवाली	कृपावलोकम्	=कृपा-दृष्टि
		विधेहि	=कीजिये

अस किरपा करि करहुं विलोकन ।
श्रीराधे ! यह आस पुजावहु कीजै मनहिं विसोकन ॥
तुव कुच युग्मरु गण्ड कपोलनि चित्रित करि जु सजाऊँ ।
नव नव मल्ली माल गूंथि कर वेणि साजि सरसाऊँ ॥
कमनी कोमल अंग अंग सुठि अभरन तवु अनुरूप ।
करि आभूषित तत्सुख लगि निर्जहित सुमिरो अस रूप ॥

श्यामेति सुन्दरवरेति मनोहरेति
कन्दर्प-कोटि-ललितेति सुनागरेति ।
सोत्कण्ठमह्नि गृणती मुहुराकुलाक्षी
सा राधिका मयि कदा नु भवेत्प्रसन्ना ॥३७॥

श्याम इति	=हे श्याम !	सोत्कण्ठं	=उत्कण्ठा-पूर्वक
सुन्दरवर इति	=हे सुन्दर शिरोमणे	गृणती	=उच्चारण करती
मनोहर इति	=हे मनोहर !	आकुलाक्षी	=विह्वल-नयनी
कन्दर्प कोटि ललित इति	=हे कोटि मन्मथ कमनीय !	सा	=वह
सुनागर इति	=हे श्रेष्ठ नट नागर! इस प्रकार	श्रीराधिका	=श्रीराधा
अह्नि	=दिन में	कदानु	=क्या कभी
मुहुः	=बार बार	मयि	=मुझ पर
		प्रसन्ना	=प्रसन्न
		भवेत्	=होंगी ?

राधे ! कब प्रसन्न अस ह्वै हौ ।
नयनाकुल हे श्याम ! हे सुन्दर ! हे मनहर ! यों कहिहौ ।
हे हे काम कोटि कमनी ! हे चतुर-शिरोमणि ! प्यारे !
बार बार गाती उत्कण्ठित सुनि हौं वचन तिहारे ॥

वेणुः करान्निपतितः स्खलितं शिखण्डं
भ्रष्टं च पीतवसनं व्रजराजसूनोः ।
यस्याः कटाक्षशरपातविमूर्च्छितस्य
तां राधिकां परिचरामि कदा रसेन ॥३८॥

यस्याः =जिनके
कटाक्ष =कटाक्ष (चितवन) रूप
शरपात =बाण प्रहार से
विमूर्च्छितस्य =मूर्च्छित हुए
व्रजराज =व्रजेश्वर
सूनोः =कुमार (श्री लाल जी) के
करात् =हाथ से
वेणुः =वंशी
निपतितः =गिर गई
शिखण्डं =मयूर पिच्छ
स्खलितं =खिसक गया
च =और
पीत वसनं =पीताम्बर
भ्रष्टं =अस्त व्यस्त होगय
तां =उन (ऐसे चमत्कार वाली)
राधिकां =श्रीराधिका को मैं
कदा =कब
रसेन =अनुराग पूर्वक
परिचरामि =सेवन करूंगी ?

लहौं कब अस रसमयि तुव चर्य्या ।
श्रीराधे ! तुव नयन बाण सों आहत नन्द कुमार ।
वंशी खिसी हाथ सों सिर सों मुकुट न सके संभार ॥
अस्त-व्यस्त पट पीत-विलुण्ठित अवनी लई पछार ।
तभी प्रेम वश निज हित दासी सेऊँ रस उर-धार ॥

तस्या अपाररस-सारविलासमूर्त्ते—
रानन्दकन्दपरमाद्भुतसौम्यलक्ष्म्याः ।
ब्रह्मादिदुर्गमगतेर्वृषभानुजायाः
कैङ्कर्य्यमेव मम जन्मनि-जन्मनि स्यात् ॥३९॥

अपार	=असीम
रस सार	=रस सार
विलास	=विहार की
मूर्त्तेः	=विग्रह,
आनन्द कन्द	=आनन्द स्वरूप-लाल जी की
परमाद्भुत	=परम अनुपम
सौम्य	=मृदुल
लक्ष्म्याः	=श्रेष्ठ सम्पत्ति(एवं)
ब्रह्मादि	=ब्रह्मादिकों से भी
दुर्गम	=दुर्लक्ष्य
गतेः	=गति
तस्याः	=उन (ऐसी)
वृषभानुजायाः	=वृषभानुकुमारी का
कैङ्कर्य्यम्	=किंकरी भाव
एव	=ही
मम	=मुझे
जन्मनिजन्मनि	=जन्म जन्मान्तर में
स्यात्	=प्राप्त हो।

जन्म जन्म जाचौं कैङ्कर्य्य।
भानु सुता को दुर्लभ अज कौं, महिमा अत्याश्चर्य्य ।।
अगम विलास सार रस रूपा मूल अखिल आनन्द।
अद्भुत परम सार सुख सम्पति चाहैं निज हित मन्द ।।

पूर्णानुरागरसमूर्त्तितडिल्लताभं
ज्योतिः परं भगवतो रतिमद्रहस्यम् ।
यत्प्रादुरस्ति कृपया वृषभानुगेहे
स्यात्किङ्करी भवितुमेव ममाभिलाषः ।।४०।।

पूर्णानुराग	=पूर्ण प्रेम
रसमूर्त्ति	=रस की मूर्त्ति
तडिल्लताभं	=विद्युत्वल्लरी के समान कान्ति-सम्पन्न (एवं)
भगवतो	=भगवान् की
रतिमद्रहस्यं	=रति-पूर्ण रहस्य वस्तु
यत्	=जो
कृपया	=कृपा-परवश
वृषभानु	=वृषभानु जी के
गेहे	=भवन में
प्रादुरस्ति	=प्रकट हैं (उनकी)
किङ्करी	=दासी

भवितुमेव	=बनना ही	अभिलाषः	=लालसा
मम	=मेरी	स्यात्	=हो

परम रहस्यमयी इक ज्योति।
प्रगट अहैं वृषभानु भवन उर सहज कृपा की स्रोति॥
परम पुरुष भगवान कृष्ण प्रति निज हित रमण प्रकासी।
पूरन राग रूप चपला सम ह्वै हौं नित उन दासी॥

प्रेमोल्लसद्रसविलासविकासकन्दं
गोविन्दलोचनवितृप्तचकोरपेयम्।
सिञ्चन्तमद्भुतरसामृतचन्द्रिकौघैः
श्रीराधिकावदनचन्द्रमहं स्मरामि॥४१॥

प्रेम	=प्रेम से	रसामृत	=अमृत रसमयी
उल्लसत्	=उच्छलित हुए	चन्द्रिका	=चाँदनी के
रसविलास-	=सुरत केलि-विकास	ओघैः	=प्रवाह से
विकासकन्दं	के कारण (एवं)	सिञ्चन्तं	=सींचने वाले
गोविन्द	=श्री लालजी के	श्रीराधिका	=श्रीराधाजी के
लोचन	=नेत्र रूपी	वदन	=मुख
वितृप्त	=अतृप्त	चन्द्रं	=चन्द्र को
चकोर के	=चकोर के	अहं	=मैं
पेयम्	=पेय (तथा)	स्मरामि	=स्मरण करती हूँ।
अद्भुत	=अद्भुत		

सुमिर रहौं राधा विधु आनन।
जो उल्लाम विलास-रास-रस-बीज विकासी कानन।
नैन तृषित गोविन्द पेय निज हित चकोर सम ताके।
अद्भुत रस पीयूष चन्द्रिका सींचै लोचन जाके॥

संकेतकुञ्जनिलये मृदुपल्लवेन
क्लृप्ते कदापि नवसङ्गभयत्रपाढ्याम् ।
अत्याग्रहेण करवारिरुहे गृहीत्वा
नेष्ये विटेन्द्रशयने वृषभानुपुत्रीम् ।।४२।।

संकेत	= संकेतित	भय	= भय से और
कुञ्ज-निलये	= कुञ्ज-सदन में	त्रपाढ्याम्	= लज्जा से भरी हुई
मृदु	= कोमल	वृषभानुपुत्रीम्	= वृषभानु कुमारी जी को
पल्लवेन	= पल्लवों से	अत्याग्रहेण	= अत्यन्त हठ से
क्लृप्ते	= रचित	कर	= हस्त
विटेन्द्र	= लम्पट-शिरोमणि प्रियतम की	वारिरुहे	= कमल को
शयने	= शय्या पर	गृहीत्वा	= ग्रहण कर
नव	= प्रथम	कदापि	= क्या कभी (मैं)
सङ्ग	= मिलन के कारण	नेष्ये	= ले जाऊँगी

ह्वै है अस कब मोर सुभाग ।
भानु लली कर कमल गहौं लै जाऊँ संग पिय लागि ।।
नव संगम हित श्याम कुंज माँहि मृदु पल्लवयुत सज्जा ।
रसिकलाल ने रची ठिठुकि जहँ निज हित करि भय लज्जा ।।

सद्गन्धमाल्यनवचन्द्रलवङ्गसङ्ग
ताम्बूल सम्पुटमधीश्वरि मां वहन्तीम् ।
श्यामं तमुन्मदरसादभिसंसरन्ती
श्रीराधिके! करुणयानुचरीं विधेहि ।।४३।।

अधीश्वरि	= हे स्वामिनि !	तं	= उन
श्री राधिके !	= हे श्रीकिशोरीजू !	श्यामं	= लालजी के प्रति

उन्मद =प्रेमोन्माद
रसाद् =रस से (सुरत-उत्कण्ठा से)
अभिसंसरन्ती =अभिसार करते समय
(त्वं =आप)
सद्गन्ध =सुगन्धित
माल्य =मालाएँ
नवचन्द्र =नूतन कर्पूर (एवं)
लवङ्ग-सङ्ग =लौंग मिश्रित
ताम्बूल =पान की
सम्पुटम् =(रत्नमई) डिबिया को
वहन्तीम् =पहुँचाने के लिये
मां =मुझे
करुणया =करुणा करके
अनुचरीं =अपनी अनुचरी
विधेहि =बना लीजिये

कृपा करि सो अनुचरि मुहि कीजै ।
श्रीराधे ! लालन हित मिलिबे काज जबहि पग दीजै ॥
हे स्वामिनि ! रस उन्मद लखि हौं ले सँग पुष्पनि हार ।
अरु कर्पूर लौंग युत बीरिनु डिबिया चलौं सँभार ॥

श्रीराधिके! तव नवोद्गमचारुवृत्त
वक्षोजमेव मुकुलद्वयलोभनीयम् ।
श्रोणीं दधद्रसगुणैरुपचीयमानं
कैशोरकं जयति मोहनचित्तचोरम् ॥४४॥

श्रीराधिके ! =हे श्री राधिके !
नवोद्गम =नूतन उल्लसित (उभरे हुए)
चारु =मनोहर
वृत्तं =गोल
वक्षोज =कुच युगल
मुकुलद्वय =दो कलियों के समान
लोभनीयं =मोहित करनेवाला (तथा)
श्रोणीं =नितम्ब प्रदेश को
दधद् =विशेषतया विकसित करता हुआ
रसगुणैः =रसमय गुणों से
उपचीयमानं =विवर्धमान
मोहन =लाल जी के

चित्त चोरम्	=चितको हरनेवाला	एवं	=निश्चय ही
तव	=आपका	जयति	=विजय को प्राप्त हो रहा है।
कैशोरकं	=किशोर वय		

जयति राधे ! तुव वय कैशोर।
चारु गोल विवि पीन पयोधर मुकुलित पिय चित चोर ॥
पृथुल नितम्ब विशेष लुभाने कृष्ण स्वयं रस राज।
ज्यों ज्यों सेवैं ब्रढ़ै निरन्तर निज हित नव वय-राज ॥

संलापमुच्छलदनङ्गतरङ्गमाला
संक्षोभितेन वपुषा व्रजनागरेण।
प्रत्यक्षरं क्षरदपाररसामृताब्धि
श्रीराधिके! तव कदा नु शृणोम्यदूरात् ॥४५॥

श्री राधिके !	=हे श्री राधिके !	क्षरदपाररसा-मृताब्धि	=अपार रसमय अमृत सागर को प्रवाहित करनेवाले
उच्छलद्	=उछलती हुई	तव	=आपके
अनङ्ग	=कामदेव की	संलापम्	=वार्तालाप को
तरङ्गमाला	=कल्लोल मालाओं से	अदूरात्	=समीप से
संक्षोभितेन	=अत्यन्त क्षुब्ध	कदानु	=क्या कभी
वपुषा	=विग्रह वाले	(अहं)	=(मैं)
व्रज नागरेण	=नटनागर श्रीलाल जी के साथ	शृणोमि	=सुनूँगी
प्रत्यक्षरं	=प्रत्येक अक्षर में		

श्रवण कब सुनिहौं मधुरालाप।
निकट स्वामिनी ! व्रज नागर सों करति प्रेम मय आप ॥
इक इक वर्ण रसामृत सागर अधिक स्रवति तिहि काल।
सींचत श्री वपु अमित अनंग तरंगनि निज हित लाल ॥

अङ्कस्थितेपि दयिते किमपि प्रलापं
हा मोहनेति मधुरं विदधत्यकस्मात् ।
श्यामानुरागमदविह्वलमोहनाङ्गी
वदनमंडलम् =वदन मंडल को
स्मरामि =(मैं) स्मरण करती हूँ।

सुमिरि मन राधा मुख मण्डल कौं।
अति अद्भुत शोभामय दीपति सकल सार मङ्गल कौं॥
निर्मल उज्वल दुति स्वाती सुत सम दशनावलि शोभी।
पल्लव अधर मनोज्ञ लजावें विद्रुम मणि दुति को भी॥
चञ्चल मकराकार कपोलनि कुण्डल निज हित भ्राजें।
चारु चकित युग नेत्र कोण मुख खञ्जन खेलत साजें॥

चलत्कुटिलकुन्तलं तिलकशोभि भालस्थलं
तिलप्रसवनासिकापुटविराजिमुक्ताफलम्।
कलङ्करहितामृतच्छविसमुज्ज्वलं राधिके
तवातिरतिपेशलं वदनमण्डलं भावये॥१८५॥

राधिके! =हे श्री राधिके!
चलत् कुटिल =चञ्चल घुँघराली
कुन्तलम् अलकों वाले,
तिलक शोभि =तिलक से चित्रित
भालस्थलम् भाल वाले,
तिलप्रसव =तिल पुष्प सम-
नासिकापुट नासिका पुट में
विराजि =शोभमान बेसर की
मुक्ताफलम् मुक्ता वाले,
कलङ्करहिता- =निष्कलंक चंद्रमा
मृतच्छवि =से भी
समुज्ज्वलम् =अत्यन्त उज्ज्वल (स्वच्छ)
अतिरति =अतिशय प्रेम से
पेशलम् सुन्दर
तव =आपके
वदनमंडलम् =मुख मंडल की
भावये =मैं भावना करती हूँ।

स्वामिनि मुख मण्डल तुव ध्याऊँ।
कुटिल अलक चञ्चल अरु माथे तिलक सुमिरि बलि जाऊँ॥
मुक्ताफल बेसर नासा जो तिल प्रसून वत सोहै।
निश्कलङ्क विधु उज्वल छबि चिन्मय निज हित चित मोहै॥

पूर्णप्रेमामृतरससमुल्लाससौभाग्यसारं
कुंजे कुंजे नवरतिकलाकौतुकेनात्तकेलि।
उत्फुल्लेन्दीवरकनकयोः कांतिचोरं किशोरं
ज्योतिर्द्वन्द्वं किमपि परमानन्दकन्दं चकास्ति ॥१८६॥

पूर्णप्रेमामृत =पूर्ण प्रेमामृत रस
समुल्लास समुत्कर्ष के
सौभाग्यसारम् सौभाग्य का सार रूप
कुञ्जे कुञ्जे =प्रत्येक कुञ्ज में
नव रतिकला नूतन रतिकला के
कौतुकेन चमत्कार से
आत्तकेलि =केलि परायण
उत्फुल्लेन्दी =प्रफुल्लित नील
वर कनकयोः =एवं स्वर्ण कमल की

कान्तिचोरम् =कान्ति को चुराने वाला
परमानन्द =परमानन्द का
कन्दम् मूल
किमपि =कोई अनिर्वचनीय
किशोरम् =किशोर
ज्योतिर्द्वन्द्वम् =प्रकाश युगल (गौरश्याम तेज)
चकास्ति =शोभित हो रहा है।

ज्योति किशोर युगल छबि शोभै।
अनुपम परमानन्द कन्द रमि कुञ्ज कुञ्ज वन लोभै॥
नील कनक विवि कमल हरत द्युति अङ्ग प्रफुल्लित राजै॥
पूर्ण प्रेम अमृत रस सार सुकमनी उलहत भ्राजै॥
नव नव कौतुक कोक कला कल केलि कुञ्ज बहु ठानें।
निज हित ऐसे युगल मनोरम भजि, तजि इतर जु बानें॥

ययोन्मीलत्केलीविलसितकटाक्षैककलया
कृतो बन्दी वृन्दाविपिनकलभेंद्रो मदकलः ।
जडीभूतः क्रीडामृग इव यदाज्ञालवकृते
कृती नः सा राधा शिथिलयतु साधारण गतिम् ॥१८७॥

यया	=जिन (श्रीराधा जी की
उन्मीलत्केली	=विकसित केलि
विलसित	=विलास में
कटाक्षैक	=कटाक्ष की केवल
कलया	एक कला ने
मदकलः	=मदोन्मत्त
वृन्दाविपिन	=वृन्दावन के
कलभेन्द्रः	=गज शावक शिरोमणि (श्री लाल जी) को
बन्दीकृतः	=बन्दी बना लिया (तथा)
कृती	=कुशल होने पर भी
यदाज्ञालव	=जिन की आज्ञा के
कृते	संकेत मात्र के लिये (पालनार्थ)
क्रीडामृग इव	=क्रीडामृग की
जडी भूतः	तरह जड़ वत् बने रहते हैं
सा राधा	=वह श्रीराधा जी
नः	=हमारी
साधारण	=भव बाधा को
गतिम्	
शिथिलयतु	=दूर करें ।

निवारहु संसृति गति श्री राधा ।
का कहौं महिमा तोपै जड़वत मोहन बिषयो अबाधा ॥
यद्यपि हैं वह महा मत्त गज निज हित विपिन विलासी ।
परम चतुर क्रीड़ा मृग कीनो लव भ्रूभङ्गि विकासी ॥

श्रीगोपेंद्रकुमारमोहनमहाविद्येस्फुरन्माधुरी
साररफाररसाम्बुराशिसहजप्रस्यंदिनेत्राञ्चले ।
कारुण्यार्द्रकटाक्षभङ्गिमधुरस्मेराननाम्भोरुहे
हाहा स्वामिनि राधिके मयि कृपादृष्टिं मनाङ्निक्षिप॥१८८॥

श्री गोपेन्द्र कुमार मोहन महा विद्ये = हे श्री नन्द नन्दन के मोहनार्थ महा विद्या स्वरूपे!
स्फुरन्माधुरी सारस्फार रसाम्बुराशि सहजप्रस्य-न्दि नेत्राञ्चले = हे देदीप्यमान माधुरी सार समृद्धि के रस सागर के स्वाभाविक प्रस्रावि नेत्र प्रान्त भागे!
कारुण्यार्द्र कटाक्षभङ्गि! = हे करुणा पूर्ण स्निग्ध कटाक्ष पातिनि!
मधुर स्मेराननाम्भोरुहे! = हे सुन्दर मन्द हास्य भूषित मुख कमले!
हा हा स्वामिनि राधिके! = हा हा स्वामिनि श्रीराधिके!
मयि = मुझ पर
मनाक् = तनिक
कृपा दृष्टिम् = कृपा दृष्टि
निक्षिप = पात कीजिये।

तनिक करि कृपा कटाक्ष विलोको।
हे स्वामिनि! हे राधे! हे मुख कमल हास्य मृदु चोखो॥
हे गोपेन्द्रकुमार मोहिनी! विद्यमहा! प्रवीने!।
हे माधुरी सार रस सागर! नेत्र कोण द्रवि भीने॥
हे करुण स्नेह सानी सुकटाक्ष भङ्गिमा शोभे!।
निज हित की आधार रूप छवि ढरे कृपा अरु लोभे॥

ओष्ठप्रांतोच्छलितदयितोद्गीर्णतांबूलरागा
रागानुच्चैर्निजरचितया चित्रभंग्योन्नयंती।
तिर्यग्ग्रीवा रुचिररुचिरोदञ्चदाकुञ्चितभ्रूः
प्रेयः पार्श्वे विपुलपुलकैर्मण्डिताभाति राधा ॥१८६॥

ओष्ठ प्रान्तोच्छलित दयितोद्गीर्ण ताम्बूलरागा = प्रियतम के उगले हुए पान की लाली से जिनके ओष्ठ रङ्गीन हो रहे हैं
तिर्यग्ग्रीवा = ग्रीवा को तिरछी करके

रुचिररु =अत्यन्त सुन्दरता	उन्नयन्ती गान करती हुई,
चिरोदञ्चद् से कुछ उठी हुई	विपुल पुलकै =प्रचुर रोमाञ्च
आकुञ्चतभ्रूः =भृकुटि को बंक किये हुए	मण्डिता भूषित
	राधा =श्रीराधा
निजरचितया =अपने ही रचित	प्रेयः =प्रियतम के
चित्रभङ्ग्या =विचित्र कौशल से	पार्श्वे =पास में (वाम भाग में)
रागान् =रागों को	
उच्चैः =ऊँचे स्वर से	भाति =विराजमान हैं।

राजति स्वामिनि पिय के अङ्क।
निज चर्वित ताम्बूल अधर सो देति लाल निसंङ्क॥
इहि अवसर अरुणारे झलकें मधुर अधर मृदु न्यारे।
अद्भुत उच्च स्वरनि बहु रागिनि तिरछी ग्रीव उचारे।
गानरचित निज-भौंह रुचिर कछु दोनों सिमिट लुभानो॥
कौशल राग सिद्धि सों निजहित पुलकित आनँद सानो।

किं रे धूर्त्तप्रवर निकटं यासि नः प्राणसख्या
नूनं बालाकुचतटकरस्पर्शमात्राद्विमुह्येत्।
इत्थं राधे पथिपथि रसान्नागरं तेनुलग्नं
क्षिप्त्वा भंग्या हृदयमुभयोः कर्हि संमोहयिष्ये॥१९०॥

रे धूर्त प्रवर! =अरे वञ्चक शिरोमणे !	कुच तट कर =कुच तटी के कर
	स्पर्श मात्रात् स्पर्श मात्र से
नः प्राण =हमारी प्राण	
सख्याः प्यारी सखी के	विमुह्येत् =(तुम) मूर्छित हो जाओगे
निकटं कि =निकट क्यों जाते	
यासि हो	राधे =हे श्रीराधे !
नूनम् =निश्चय ही	इत्थम् =इस प्रकार
बाला =उन बाला के	पथि पथि =पग पग पर

रसात् =प्रेम विवश
ते अनुलग्नम् =आपका अनुगमन करने वाले
नागरम् =नागर शिरोमणि (श्री लालजी) को
भङ्ग्याक्षिप्त्वा =वचन चातुरी से डाँट कर
उभयोः =आप दोनों के
हृदयम् =चित्त को
कर्हि =(मैं) कब
सम्मोहयिष्ये =भली भाँति मोहित (प्रमुदित) करूँगी।

स्वामिनि! कब यह आस पुजोगी।
रसिक लाल नागर तव अनुगत देखति हास्य सजोगी॥
कहौं लाल कौं क्योंरे धूर्त्त शिरोमणि! इत क्यों आता।
लेश परस कुच या बाला को करिहौ याद विधाता॥
हे राधे! सुनि वचन चातुरी तुम अरु लाल बिहारी।
निर्जहित यों विनोद सुमोद युत मोहित तुम पिय प्यारी॥

कदा वा राधायाः पदकमलमायोज्य हृदये
दयेशं निःशेषं नियतमिह जह्यामुपविधिम्।
कदा वा गोविंदः सकलसुखदः प्रेम करणा
दनन्ये धन्ये वै स्वयमुपनयेत स्मरकलाम् ॥१६१॥

राधायाः =श्रीराधा जी के
दयेशम् =कृपा पूर्ण
पदकमलम् =पद कमल को
हृदये =हृदय में
आयोज्य =धारण करके
इह इस जीवन में
निःशेषम् =सर्वाङ्ग रूप से
नियतम् =नियमित
उपविधिम् =विधि विधान को
कदा =(मैं कब
जह्याम् =त्यागूँगी (तथा)
सकल सुखदः =सकल सुखप्रद
गोविन्दः =श्री लाल जी मुझ
अनन्ये धन्ये अनन्य धन्य को

प्रेम करणात्	=प्रिया जी की कृपा भाजन जान	स्मरकलाम्	=विहार परिपाटी की
स्वयम्	=स्वयं ही	कदा	=कब
		उपनयेत	=शिक्षा देंगे ।

मन राधा पद पंकज उर धरि ।
संसृति हेतु विहित धर्मनि तजि काम मुक्त ह्वै हो इक किंकरि ॥
कब तब गोविन्द मुहि अनन्य अरु धन्य जानि निज गनि अपनावैं ।
निजहित अधिकारिन लखि सेवा स्वामिनि काम कला सिखलावैं ॥

कदा वा प्रोद्दामस्मरसमरसंरंभरभस
प्ररूढस्वेदांभःप्लुतलुलितचित्राखिलतनू ।
गतौ कुञ्जद्वारे सुखमरुति संवीज्य परया
मुदाहं श्री राधारसिकतिलकौ स्यां सुकृतिनी ॥१९२॥

प्रोद्दाम स्मर समर संरम्भ रभस	=निर्बाध काम संग्राम की उत्कण्ठा के वेग से	सुख मरुति	=सुख से वायु प्राप्त हो सके
प्ररूढ स्वेदाम्भः	=उत्पन्न स्वेद सलिल द्वारा (जिनके)	कुञ्जद्वारे	=ऐसे कुञ्ज द्वार पर
प्लुत लुलित चित्राखिलतनू	=शरीर सर्वांग सिक्त शिथिल एवं विचित्र हो गये हैं (तथा जहां)	गतौ	=विराजमान (उन)
		श्री राधा रसिक तिलकौ	=श्री राधा एवं रसिक शेखर (लाल जी को)
		परयामुदा	=परम प्रीति से
		सम्वीज्य	=सम्वीजन (बयार) करके

अहम्	=मैं	सुकृतिनी	=भाग्यशालिनी
कदा वा	=कब	स्याम्	=होऊँगी ।

कब अस सुकृत उदय हो प्यारी ।
श्रमित जानि संग लाल सेज पर करूं व्यजन सों ब्यारी ।।
भर संग्राम काम आवेशित वेग, स्वेद सों साने ।
देह उभय भए शिथिल तरातर चित्रित श्रम कछु भाने ।।
परम हर्ष सों देखि दशा अस निकट कुञ्ज दर ठाढी ।
भीतर कुञ्ज धाइ निजहित करौं सेव प्रीति उर बाढी ॥

मिथः प्रेमावेशाद्घनपुलकदोर्वल्लिरचित
प्रगाढाश्लेषेणोत्सवरसभरोन्मीलितदृशौ ।
निकुञ्जक्लृप्ते वै नवकुसुमतल्पेधिशयितौ
कदा पत्संवाहादिभिरहमधीशौ नु सुखये ।।१९३।।

मिथः	=परस्पर		वाले
प्रेमावेशाद्घन-पुलक	=प्रेम के आवेश से सान्द्र रोमांच युक्त	निकुञ्जक्लृप्तेवै	=(तथा) निकुञ्ज में सुसज्जित
दोर्वल्लिरचित	=भुज लताबद्ध	नव कुसुम तल्पे	=नूतन कुसुम शय्या पर
प्रगाढाश्लेषेण	=प्रगाढालिंगन से	अधिशयितौ	=विराजमान
उत्सव रस	=उत्सव रस के	अधीशौ	=अपने अधीश्वर (प्रियाप्रियतम) को
भरोन्मीलित दृशौ	आधिक्य द्वारा अर्ध निमीलित नेत्र	कदा नु	=(मैं) कब

पत्सम्वाहादिभिः	=पाद सम्वाहनादि (चरण सेवा आदि से)	सुखये	=सुखित करूँगी ।

लहौं तब सेवा पद सम्वाहन ।
निज अधीश्वरिनु सुखित करौं यों हियो भयो रस चाहन ।।
जबै निकुञ्ज निभृत मधि नव दल कुसुमित सेज रची हो ।
प्रेमावेश परस्पर पुलकित घन भुज लता खची हों ।।
गाढ़ालिंगन उत्सव रति भर दृष्टि मिचीं रस सानी ।
शयन किये हों युगल आनन्दित निजहित सब रस खानी ।।

मदारुणविलोचनं कनकदर्पकामोचनं
महाप्रणयमाधुरीरसविलासनित्योत्सुकम् ।
लसन्नववयःश्रिया ललितभंगिलीलामयं
हृदा तदहमुद्वहे किमपि हेमगौरं महः ।।१६४।।

मदारुणविलोचनम्	=मद मत्त रक्त नेत्र वाले,	नव वयः श्रिया लसत्	=नूतन (कैशोर) वय श्री से शोभित,
कनकदर्पका-मोचनम्	=स्वर्ण के सौन्दर्य्य गर्व को खर्व करने (वाले)	ललितभङ्गि	=ललित परिपाटी से युक्त
महा प्रणय माधुरी	=महा प्रणय माधुरी के	लीलामयम्	=लीला स्वरूप
रस विलास	=रसमय विहार	तत्	=उस
नित्योत्सुकम्	के लिये सतत उत्कण्ठित,	किमपि	=किसी अनिर्वचनीय
		हेम गौरम्	=स्वर्णवत् गौर
		महः	=तेज को

अहम्	=मैं	उद्वहे	=धारण करता हूँ।
हृदा	=हृदय में		

कनक गोर द्युति हिय नित धारौं ॥
जाके युगल नैन अरुणारे मद उन्मत्त निहारौं ॥
कञ्चन प्रभाविनिन्दक निजहित महा प्रणय रस सानी ।
नित्य विलास उल्लसित वय नव लीला ललित सुहानी ॥

मदाघूर्णन्नेत्रं नवरतिरसावेशविवशो-
ल्लसद्गात्रं प्राणप्रणयपरिपाट्यां परतरम् ।
मिथो गाढाश्लेषाद्वलयमिव जातं मरकत
द्रुतस्वर्णच्छायं स्फुरतु मिथुनं तन्मम हृदि ॥१९५॥

मदाघूर्णन्नेत्रम्	=मद से घूर्णित नेत्र वाला,	वलयमिवजातम्	=मानो कङ्कणाकृति को प्राप्त,
नवरति रसावेश	=नूतन रति रस के आवेश से	मरकत	=इन्द्रनील मणि तथा
विवशोल्लसत्	=विवश तथा उल्लसित	द्रुतस्वर्णच्छायम्	=तरल कनक के समान कान्तिमय
गात्रम्	=अङ्ग वाला,		
प्राण प्रणय	=प्राणाधिक		
परिपाट्याम्	प्रेम परिपाटी से	तत्	=वह
		मिथुनम्	=युगल
परतरम्	=सर्वातिशायी	मम	=मेरे
मिथो	=परस्पर	हृदि	=हृदय में
गाढाश्लेषात्	=गाढालिङ्गन से	स्फुरतु	=प्रकाशित हो।

फुरै उर गौर श्याम जुरि ज्योती ।
इन्द्रनीलमणि सम इक द्रवित कनक छवि मय अनहोती ।।
मद उन्मत्त नैंन नव रति रस पूर्ण विवश तन फूले ।
एकीभूत प्राणगति सर्वाङ्गीण प्रेम अनुकूले ।।
वलयाकार परस्पर मिथुनी भूत-आलिगित राजैं ।
निजहित उर अभिलाष सतत यों युगल हृदय में भ्राजैं ।।

परस्परं प्रेमरसे निमग्नमशेषसंमोहनरूपकेलि ।
वृन्दावनांतर्नवकुञ्जगेहे तन्नीलपीतं मिथुनं चकास्ति ।।१९६।।

परस्परं प्रेमरसे	=परस्पर के प्रेम	कुञ्ज गेहे	=मध्य नूतन कुंज सदन में
निमग्नम्	रस में डूबा हुआ,	नीलपीतम्	=नील पीत वर्ण वाला
अशेष सम्मोहन-रूप केलि	=जिसका रूप एवं केलि विश्व विमोहन वाली है,	तत्	=वह
		मिथुनत्	=युगल (तेज)
		चकास्ति	=देदीप्यमान हो रहा है।
वृन्दावनान्तः नव	=वृन्दावन के		

श्री वृन्दावन नव निकुञ्ज में ।
नील पीत अनुपम द्युति मिथुनी राजत्ति अद्भुत रसद पुञ्ज में ।।
सुरत केलि नित रचत परस्पर मोहे अखिल चराचर लोक ।
इक रस प्रेम परस्पर साने निजहित कुशल कला कल कोक ।।

आशास्य दास्यं वृषभानुजाया
स्तीरे समध्यास्य च भानुजायाः ।
कदा नु वृन्दावनकुञ्जवीथी
ष्वहं नु राधे ह्यतिथिर्भवेयम् ।।१९७।।

वृषभानुजायाः	=श्री वृषभानु नंदिनी (आप) के	राधे	=हे श्री राधे !
दास्यम्	=कैंङ्कर्य की	वृन्दावन कुञ्ज-वीथीषु	=श्री वृन्दावन की कुञ्ज गलियों में
आशास्य	=कामना (मन में) रख कर	कदा नु	=क्या कभी (मैं)
भानुजायाः च	=और यमुना जी के	अतिथिः नु	=अभ्यागत होकर
तीरे	=तीर पर	भवेयम्	=निवास करूंगा ।
समध्यास्य	=निवास करके		

भानु नंदिनी यमुना कूल ।
दृढ़ निष्ठा वृषभानुनंदिनी भाव किंकरी मन अनुकूल ।।
विचरों श्री वन कुञ्ज गलिन में निजहित अभ्यागत जिय भावे ।
कब ऐसो सौभाग्य होइगो गनि हौं सुफल मनुज तन दावे ।।

कालिंदीतटकुंजे पुंजीभूतं रसामृतं किमपि ।
अद्भुतकेलिनिधानं निरवधि राधाभिधानमुल्लसति ।।१९८।।

कालिन्दी तट कुञ्जे	=श्री यमुना तटवर्त्ति निकुंज में	पुञ्जीभूतं	=घनीभूत
अद्भुत केलि निधानम्	=विचित्र केलि परम्परा का निधान	रसामृतम्	रसामृत (तत्त्व)
किमपि	=कोई अनिर्वचनीय	निरवधि	=असीम रूप से
राधाभिधानम्	=श्रीराधा नामक	उल्लसति	=उल्लसित (प्रकाशित) हो रहा है ।

कूल कलिन्दी कुञ्ज वेश में।
अकथनीय रसामृत पुञ्जीभूत रहै कैशोर वेश में ।।
अपरम्पार केलि निधि अद्भुत रूप उल्लसित सोहै ।
निजहित स्वामिनि राधा नामनि कामनि सम नहिं कोहै ।।

प्रीतिरिव मूर्तिमती रससिंधोः सारसंपदिव विमला ।
वैदग्धीनां हृदयं काचन वृंदावनाधिकारिणी जयति ।।१९९।।

मूर्तिमती	=मूर्त्ति धारिणी		हृदय (सार)
प्रीतिरिव	=प्रीति के समान		रूपा
रससिन्धोः	=रस समुद्र की	काचन	=कोई
विमला	=निर्मलतम		अनिर्वचनीय
		वृन्दावनाधि-	=श्री वृन्दावन
सार सम्पत्	=सार भूत	कारिणी	की स्वामिनी
इव	सम्पत्ति ही	जयति	=सर्वोत्कर्ष रूप
वैदग्धीनाम्	=समस्त चातुरी		से विराजमान
हृदयम्	की एक मात्र		है।

सर्वोपरि-विपिनाधिकारिणी।
राजति विजयी अकथ स्वामिनी चेरिनु हित प्रतिपारिणी ।।
सहज स्वरूप प्रीतिमइ मूरति सार विमल रस सिन्धु ।
सम्पति, चतुर शिरोमणि सखियनु निजहित हिय विधि इन्दु ।।

रसघनमोहनमूर्ति विचित्रकेलिमहोत्सवोल्लसितम् ।
राधाचरणविलोडितरुचिरशिखंडं हरिं वंदे ।।२००।।

रसघन मोहन	=घनीभूत रस	विचित्र केलि	=विचित्र रति
		महो-	विहार के
मूर्त्तिम्	की मोहन	त्सवोल्लसितम्	महोत्सव से
	मूर्त्ति		उल्लास युक्त

राधा चरण विलोडित	=श्री राधा के युगल चरणों से मथित (अतएव चरण प्रभा से)		मोर मुकुट वाले
रुचिर शिखण्डम्	=कान्ति जनक	हरिम्	=श्री हरि की (मैं)
		वन्दे	=वन्दना करता हूँ।

रसघन मोहन मूरति लाल।
वन्दौं श्री हरि, श्री राधा पद नमत प्रीति प्रतिपाल॥
प्यारी चरण धरें जहँ तहँ सिर मोरपिच्छ परसावैं।
निर्जाहित इहि विधि अद्भुत केलि महोत्सव उमँगनि भावैं॥

कदा गायंगायं मधुरमधुरीत्या मधुभिद
श्चरित्राणि स्फारामृतरसविचित्राणि बहुशः।
मृजंती तत्केलीभवनमभिरामं मलयज-
च्छटाभिः सिंचंती रसहृदनिमग्नास्मि भविता॥२०१॥

मधुभिदः	=मधुसूदन श्री लाल जी के	अभिरामम्	=उनके सुन्दर
		तत्केलीभवनम्	=केलि सदन को
स्फारामृत रस	=अमृत रस से भरे	मृजन्ती	=मार्जन करती, एवं
विचित्राणि	=विचित्र	मलयजच्छटाभिः	=चन्दन (जल) धाराओं से
चरित्राणि	=लीला चरित्रों का	सिञ्चन्ती	=सींचती हुई
मधुरमधुरीत्या	=अत्यन्त मधुर रीति से	कदा	=(मैं) कब
		रसहृदे	=रस सरोवर में
बहुशः	=बारबार		
गायं गायम्	=गान करती हुई	निमग्ना	=निमग्न
		भवितास्मि	=हो जाऊँगी।

ह्वै हौं तब कहुं रस निधि लीन ।
रसघन अमृत पूर्ण सुयश मधुसूदन गाऊँ नवीन ॥
चरित अनन्त मधुर कहि केलि भवन वन कुञ्ज बुहारौं ।
निजहित मलयज धार सींचि बहु रस लहरी विस्तारौं ॥

उदंचद्रोमांचप्रचयखचितां वेपथुमतीं
दधानां श्रीराधामतिमधुरलीलामयतनुम् ।
कदा वा कस्तूर्या किमपि रचयंत्येव कुचयो-
र्विचित्रां पत्रालीमहमहह वीक्षे सुकृतिनी ॥२०२॥

अहह	=अहह
उदञ्चत् रोमाञ्च	=अतिशय
प्रचय खचिताम्	रोमाञ्च समूह से युक्त
वेपथुमतीम्	=प्रकम्प शालिनी
अति मधुर	=अत्यन्त मधुर
लीलामय तनुं	=लीला वपु को
दधानाम्	धारण करने वाली
श्री राधाम्	=श्री राधा जी को
कस्तूर्य्या	=मृगमद से
कुचयोः	=कुच युगल पर
किमपि	=कोई अभूत पूर्व
विचित्राम्	=भली भाँति
पत्रालीम् रचयन्ती एव	विचित्र पत्रावली रचना करती हुई
अहम्	=मैं
सुकृतिनी	=भाग्यशालिनी
कदा वा वीक्षे	=कब दर्शन करूँगी ।

सुभग कब राधा दरसन पाऊँ ।
पुलकित अति शोभित कम्पित लीला सुमधुर वपु ध्याऊँ ॥
निज कर सों कुच युग पर मृगमद पत्रावलि रचौं शोभी ।
अकथनीय सजि निजहित भावित पुण्य पुञ्ज हिय लोभी ॥

क्षणं सीत्कुर्वन्ती क्षणमथ महावेपथुमती
क्षणं श्यामश्यामेत्यमुमभिलपंती पुलकिता ।
महाप्रेमा कापि प्रमदमदनोद्दामरसदा
सदानंदा मूर्तिर्जयति वृषभानोः कुलमणिः ॥२०३॥

क्षणं सीत् कुर्वन्ती	=कभी सीत्कार करती हुई,
अथ क्षणं महा वेपथुमती	=तथा कभी महा प्रकम्प युक्त होकर
क्षणं श्याम श्याम इति पुलकिता अमुम् अभिलपन्ती	=पुलकित शरीर से हठात् श्याम श्याम इस प्रकार उच्चारण करती हुई,
महा प्रेमा प्रमद मदनोद्दाम	=महा प्रेममयी प्रकृष्ट मद वाले अबाध प्रेम
रसदा	रस को देने वाली,
सदानन्दामूर्त्तिः	=नित्यानन्द स्वरूपिणी
कापि	=कोई एक अनिर्वचनीया
वृषभानोः	=वृषभानु (पिता)
कुलमणिः जयति	के कुल की मणि (स्वरूपा) असमोर्ध्व रूप से विराजमान हैं।

वृषभानु कुलमणि इक बाला ।
सर्व उत्कृष्ट किशोरी आनन्द मूरति प्रेम विशाला ॥
दान करै रस प्रमद मदन पिय स्वयं प्रेम उन्मादिनि ।
सी सी कहि क्षण कम्पित वपु हे श्याम ! हे श्याम ! प्रवादिनि ॥
अस कहुँ विरह विलाप करति पुन पुलकित रोमाञ्चित ह्वै ।
निजहित राजति प्रेम स्वरूपा भानु कुल मणि वित ह्वै ॥

यस्याः प्रेमघनाकृतेः पदनखज्योत्स्नाभरस्नापित
स्वांतानां समुदेति कापि सरसा भक्तिश्चमत्कारिणी ।

सा मे गोकुलभूपनंदनमनश्चोरी किशोरी कदा
दास्यं दास्यति सर्ववेदशिरसां यत्तद्रहस्यं परम् ॥२०४॥

प्रेमघनाकृतेः	=घनीभूत प्रेम की मूर्ति
यस्याः	=जिन (श्री राधा जी) के
पदनखज्योत्स्ना-	=चरण नख
भर	=चन्द्रिका के प्रवाह द्वारा
स्नापित	=स्नापित (भीजे) चित्त व ले (व्यक्ति के)
स्वान्तानाम्	=हृदय में
कापि	=कोई अनिर्वचनीय
चमत्कारिणी	=चमत्कार पूर्ण
सरसा भक्तिः	=परम रसीली भक्ति
समुदेति	=भली भाँति प्रकाशित हो जाती है

गोकुल भूप	=गोकुल राज
नन्दन	=कुमार (श्री लाल जी) के
मनः चोरी	=चित्त को (बर-वस) हरण करने वाली
सा	=वह
किशोरी	=श्री किशोरी (राधा जी)
यत्	=जो
सर्ववेदशिरसाम्	=समस्त उपनिषदों के लिये भी
रहस्यम्	=रहस्यभूत है
तत्	=उस (अपने)
दास्यम्	=कैंकर्य्य को
मे	=मुझे
कदा दास्यति	=कब प्रदान करेंगी ।

परम रहस्य निगम शिर सार ।
श्री राधा पद दास्य पाऊँ कब हो ऐसो अधिकार ॥
जो घन प्रेम स्वरूपा स्वामिनि पद नख ज्योति प्रवाहै ।
परसत जे जे अद्भुत सरस चमत्कृत भक्तिहिं लाहैं ॥

उन किशोरि जू गोकुल पति सुत लालहि मोहित कीनो ।
निजहित अस महिमा जाकी-ताके चरननि चित दीनो ॥

कामं तूलिकया करेण हरिणा यालक्तकैरंकिता
नानाकेलिविदग्धगोपरमणीवृन्दे तथा वंदिता ।
या संगुप्ततया तथोपनिषदां हृद्येव विद्योतते
सा राधाचरणद्वयी मम गतिर्लास्यैकलीलामयी ॥२०५॥

या हरिणा	=जिन (चरणों) को श्री हरि ने
करेण	=अपने कर कमल से
तूलिकया	=तूलिका द्वारा
अलक्तकैः	=महावर से
कामम्	=भली भाँति
अङ्किता	=अङ्कित (या चित्रित) किया है,
तथा	=तथा (जो)
नाना केलि विदग्ध	=अनेक विध केलि में चतुर
गोप रमणी वृन्दे	=गोपाङ्गनाओं के यूथ में (उनसे)
वंदिता	=वंदित हैं,
तथा	=और जो
उपनिषदां हृदि	=उपनिषदों के हृदय (अन्तःस्तल) में
संगुप्ततया एव	=गुप्त रूप से ही
विद्योतते	=प्रकाशित हैं
लास्यैक लीलामयी	=मुख्य रूप से लास्य (नृत्य) लीला स्वरूप
सा राधा चरणद्वयी	=श्री राधा के वे युगल चरण
मम गतिः	=मेरी गति (शरण) हैं ।

श्री राधा युग पद अवलम्ब ।
नृत्य कला मम स्वामिनि चरननि वर्णत वेद अचम्भ ॥
गुप्त रहस्य उपनिषद राख्यो गोप रमणि सब वन्दें ।
यद्यपि बहु विधि केलि विदग्धा चिन्तति पद अरविन्दे ॥

श्री हरि निज कर पंकज लै तूलिका चित्र रचि हरखैं ।
निजहित सो अनुपम रस मय पद चिन्तत उर रस बरखैं ॥

सांद्रप्रेमरसौघवर्षिणि नवोन्मीलन्महामाधुरी
साम्राज्यैकधुरीणकेलिविभवत्कारुण्यकल्लोलिनि ।
श्रीवृन्दावनचन्द्रचित्तहरिणी बंधुस्फुरद्वागुरे
श्रीराधे नवकुंजनागरि तव क्रीतास्मि दास्योत्सवैः ॥२०६॥

सान्द्रप्रेम रसौघ वर्षिणि !	=हे घनीभूत प्रेम रस प्रवाह वर्षिणि !	स्फुरद्वागरे !	वशीकरण समुज्ज्वल रज्जु स्वरूपिणि !
नवोन्मीलन्महा-माधुरी साम्राज्यैक धुरीण केलि-विभवत् कारुण्य कल्लोलिनि !	=हे नूतन उल्लसित महा माधुरी साम्राज्य की मुख्यतम केलि से अतिशय प्रकाशमान कारुण्य सरिते !	नव निकुञ्ज नागरि श्री राधे !	=हे नव निकुञ्ज नागरि श्री राधे !
		तव	=आपके
		दास्योत्सवैः	=दास्य रूप उत्सव के लिये
		अहम्	=(मैं)
श्री वृन्दावन चन्द्र चित्त हरिणीबन्धु	=हे श्री वृन्दावन चन्द्र चित्त मृग	क्रीतास्मि	=खरीद ली गयी हूँ ।

बिकी हौं तव किंकरि वपु हेत ॥टेक॥
हे हे निबिड़ प्रेम रस धार वर्षिणी सघन बदरिया ! ।
हे नव महा मधुर श्री केलि करुण सरि उठत लहरिया ! ॥
हे श्री विपिन चन्द्र चित सारंग बन्धन रज्जु प्रकासी ! ।
हे नव कुञ्ज नागरी ! निजहित हे राधे ! कर दासी ॥

स्वेदापूरः कुसुमचयनैर्दूरतः कंटकांको
वक्षोजेऽस्यास्तिलकविलयो हंत घर्माम्भसैव ।

ओष्ठः सख्या हिमपवनतः सव्रणो राधिके ते
क्रूरास्वेवं स्वघटितमहो गोपये प्रेष्ठसंगम् ॥२०७॥

अहो	=अहह
दूरतः	=दूर देश तक
कुसुम चयनैः	=फूल चुनने के कारण (हमारी सखी के)
स्वेदा पूरः	=स्वेद का प्रवाह बह रहा है (विहार से नहीं) तथा
अस्याः	=इनके
वक्षोजे	=कुच मण्डल पर
कण्टकाङ्कः	=कण्टकों के ही अङ्क हैं (नख क्षत नहीं)
हन्त	=खेद है
घर्माम्भसैव	=पसीने से ही (इनका)
तिलक विलयः	=तिलक मार्जित हुआ है (प्रेष्ठ संग से नहीं)
सख्याः	=हमारी सखी का
ओष्ठः	=अधरोष्ठः
हिम पवनतः	=हिमाद्र पवन से
सव्रणः	=व्रण युक्त है (दंत क्षत से नहीं)
राधिके !	=हे श्री राधिके !
एवम्	=इस प्रकार (चातुरी से)
ते स्वघटितम्	=आपके निज
प्रेष्ठ सङ्गम्	=रचित प्रियतम सङ्गम को
अहम्	=मैं
क्रूरासु	=क्रूर सखियों से,
गोपये	=छिपा लूँगी ।

राधिके ! तुव हित कछु चतुराई ।
करि हौं सखियन सौं दुराव मिस लखि तव केलि सुहाई ॥
रची स्वयं तुम पिय सौं सङ्गम करि रचना जु अनूप ।
कहि हौं प्यारी फूल चयन गई दूरि श्रमित भयो रूप ॥
क्षत विक्षत कुच कंटक सौं भए अधर फटे मस कारण ।
केवल हिम वायू परसी निजहित कछ सखिन प्रतारण ।

पातंपातं पदकमलयोः कृष्णभृंगेण तस्याः
स्मेरास्येंदोर्मुकुलितकुचद्वंद्वहेमारविंदम् ।
पीत्वा वक्त्रांबुजमतिरसान्नूनमंतः प्रवेष्टु-
मत्यावेशान्नखरशिखया पाटचमानं किमीक्षे ॥२०८॥

तस्याः	=उन
स्मेरास्येन्दोः	=हास्य भूषित मुख चंद्र वाली (प्रिया जी) के
पद कमलयोः	=पद कमलों में
पातं पातम्	=बार बार प्रणत होकर
अतिरसात्	=अत्यन्त प्रीति से
कृष्ण भृङ्गेण	=श्री कृष्ण रूपी भ्रमर द्वारा
वक्त्राम्बुजम्	=मुख कमल (रस) का
पीत्वा	=पान करके
अत्यावेशात्	=अत्यधिक आवेश में
नूनम्	=निश्चय ही
अन्तः प्रवेष्टुम्	=(कुच कमल के) भीतर प्रवेश पाने के लिये
मुकुलित कुच द्वन्द्व हेमार-विन्दम्	=मुकुलित कुच युगल रूप स्वर्ण कमलों को
नखरशिखया	=नखाग्र घात से
पाटचमानम्	=विदीर्ण होते हुए
किम्	=क्या (मैं)
वीक्षे	=देखूँगी ?

कब लखि हौं रति रस मय झाँकी ।
कनक कमल कुच विकसित मंवित प्यारे नख रेखाङ्की ॥
लाल तिहारे मुख अम्बुज को पान कियो मधु गाढ़ो ।
मधुकर इव पुन चरण छुवत लोलुप समीप तुव ठाढ़ो ॥
प्रेमावेश प्रवेश कमल कुच में अलि चत पुन चाहैं ।
मधुर हास्य युत तुव विधु आनन निजहित कब अवगाहैं ॥

अहो तेमी कुंजास्तदनुपमरासस्थलमिदं
गिरिद्रोणी सैव स्फुरति रतिरंगे प्रणयिनी ।

न वीक्षे श्रीराधां हरहर कुतोपीति शतधा
विदीर्येत प्राणेश्वरि मम कदा हंत हृदयम् ॥२०६॥

अहो !	=अहह !
अमी	=ये
कुञ्जाः	=कुञ्जें
ते एव	=वे ही हैं,
इदम्	=यह
अनुपम	=उपमा रहित
रास स्थलं	=रास स्थली भी
तत् एव	वही है,
रति रङ्गे	=रति काल में
प्रणयिनी	आह्लाद कारिणी
सा एव गिरि-	=गिरि गुहा भी तो
द्रोणी स्फुरति	वही है,
हर हर !	=(परन्तु) हाय हाय!
कुतोपि	=कहीं भी
श्री राधां न	=श्री राधा जी के
वीक्षे	दर्शन नहीं होते हैं,
इति	=यह विचार आते ही
प्राणेश्वरि !	=हे प्राणेश्वरि !
हन्त	=शोक खेद से
मम	=मेरा
हृदयम्	=हृदय
कदा	=कब
शतधा	=सौ सौ (टूक)
विदीर्येत	=विदीर्ण हो जावेगा।

तुम बिनु प्राणेश्वरि ! सब फीको।
अचरज महा कुञ्ज सब वे ही देखौं रास थली को ॥
रति रण योग्य गुहा गिरि वे ही हाय हाय उर दाहे।
नँहि दरसौ राधा निजहित जिय टूक टूक भयो चाहे ॥

इहैवाभूत्कुंजे नवरतिकलामोहनतनो
रहो अत्रानृत्यद्दयितसहिता सा रसनिधिः।
इति स्मारंस्मारं मव चरितपीयूषलहरीं
कदा स्यां श्रीराधे चकित इह वृंदावनभुवि ॥२१०॥

मोहन तनोः	=मोहनाङ्गी (श्री प्रिया जी की
इहैव कुञ्जे	=इसी कुञ्ज में,
नव रति	=नूतन रति केलि

कला (प्रथम मिलन केलि)
अभूत् =हुई थी,
अहो ! =अहह !
दयित सहिता =प्रियतम के साथ
सा =उन
रसनिधिः =रस निधि ने
अत्र =यहीं पर
अनृत्यत् =नृत्य किया था,
श्री राधे ! =हे श्री राधे !
इति =इस प्रकार

तव चरित =आपकी चरितामृत
पीयूष लहरीम् लहरी (भावों) को
स्मारं स्मारम् =बार बार स्मरण करता हुआ
इह =इस
वृन्दावन भुवि=श्री वृन्दावन की भूमि में
कदा =(मैं) कब
चकितः स्याम्=चकित होकर रहूँगा।

श्री वन चकित भ्रमित यों हेरौं।
सुमिरत तव लीला चरितामृत राध ! राधे ! टेरौं॥
अहो कुंज यहि मोहन वपु श्री प्रिया करी नव केली।
प्राणेश्वर सों रस निधि निजहित रास नृत्य रस झेली॥

श्रीमद्बिंबाधरे ते स्फुरति नवसुधामाधुरीसिंधुकोटि
र्नेत्रांतस्ते विकीर्णाद्भुतकुसुमधनुश्चण्डसत्कांडकोटिः।
श्रीवक्षोजे तवातिप्रमदरसकलासारसर्वस्वकोटिः
श्रीराधे त्वत्पदाब्जात्स्रवति निरवधिप्रेमपीयूषकोटिः॥२११॥

श्री राधे ! =हे श्री राधे !
ते =आपके
श्रीमद्बिम्बाधरे=शोभाशाली बिम्बाधर में
नव सुधा =कोटि कोटि
माधुरी सिन्धु नूतन सुधा

कोटिः माधुरी के सिन्धु
स्फुरति =प्रकाशित होते हैं,
ते =आपकी
नेत्रान्तः =तिरछी चितवन
विकीर्णाद्भुत =अद्भुत कामदेव के
कुसुमधनुश्चण्ड कोटि २ प्रचण्ड

सत्काण्डकोटिः	सुन्दर बाणों को बिखेरती रहती है	(स्फुरति)	सर्वस्व स्फुरित होते रहते हैं,
तव श्री वक्षोजे	=आपके श्रीसम्पन्न वक्षोज में से	त्वत्	=(तथा) आपके
अति प्रमद	=कोटि २ अत्यन्त	पदाब्जात्	=चरण कमल से
रस कला सार	प्रकृष्ट मद पूर्ण	निरवधि प्रेम	=कोटि २ असीम
सर्वस्व कोटिः	रस कला के सार	पीयूष कोटिः	प्रेमामृत प्रवाह
		स्रवति	झरते रहते हैं।

श्री राधे बहु कोटि माधुरी।
तव श्री वपु सहजें वरसें को वरणें प्रकट ना बुरी ॥
कोटि कोटि सागर अमृत श्री अधर बिम्ब जु उलेडं ॥
कोटि कोटि शर मार कुसुम धनु नेत्र भ्रकुटि तव ठेलें ॥
कुच बहु गाढ़ कला रति सार जु कोटि कोटि बरसावें।
प्रेम पियूष पद्म पद निजहित अमित कोटि सरसावें ॥

सांद्रानंदोन्मदरसघनप्रेमपीयूषमूर्त्तेः
श्रीराधाया अथ मधुपतेः सुप्तयोः कुञ्जतल्पे।
कुर्वाणाहं मृदुमृदुपदांभोजसंवाहनानि
शय्यांते किं किमपि पतिता प्राप्ततंद्रा भवेयम् ॥२१२॥

सान्द्रानन्दो-न्मदरसघन	=प्रगाढानन्द एवं उन्मदरस सम्पन्न	किमपि	=अनिर्वचनीय रूप से
प्रेम पीयूष-मूर्त्तेः	=प्रेमामृत की घनीभूत मूर्त्ति,	मृदु मृदु	=अत्यन्त कोमलता
कुञ्जतल्पे	=कुञ्ज शय्या पर	पदाम्भोज	पूर्वक चरण कमलों का।
सुप्तयोः	=शयन करने वाले	सम्वाहनानि	=सम्वाहन करती
श्री राधाया	=श्री राधा तथा	कुर्वाणा	हुई
अथ मधुपतेः	लाल जी के	शय्यान्ते	=शय्या के प्रान्त में

पतिता	=लुढक कर	प्राप्त तन्द्रा	=तन्द्रा वश हो
किं अहम्	=क्या मैं	भवेयम्	जाऊँगी ?

तन्द्रावश कहुँ सेज समीप ।
लुढक परौंगी चरण पलोटति सोइ गये विविकुञ्ज महीप ।।
अति कोमल (धीरे) पद कमल दुहुँनि के चाँपति रति रस भरि उन्मत्त ।
प्रेमपियूष मूर्ति राधा मधुपति सोये निजहित रस रत्त ।।

राधापादारविंदोच्छलितनवरसप्रेमपीयूषपुंजे
कालिंदीकूलकुंजे हृदि कलितमहोदारमाधुर्यभावः ।
श्रीवृन्दारण्यवीथीललितरतिकलानागरीं तां गरीयो-
गंभीरैकानुरागां मनसि परिचरन् विस्मृतान्यः कदा स्याम्२१३

राधापादार-विन्दोच्छलित	=श्री राधा चरण कमल से उच्छलित		तथा उत्कृष्ट अनुराग शालिनी,
नव रस प्रेम	=नूतन रसमय	श्री वृन्दारण्य वीथी	=श्री वृन्दावन की वीथी में विराजमान
पीयूष पुञ्जे	=प्रेमामृत पुञ्ज से सम्पन्न		
कालिन्दीकूल कुञ्जे	=श्री यमुना तट-वर्ती कुञ्ज में स्थित होकर,	ललित रति कला	=ललित रति कला सम्पन्न
		नागरीं ताम्	=उन (श्री राधा) नागरी की
हृदि कलित	=अपने हृदय में		
महोदार	महा उदार	मनसि	=मानसिक (अन्तश्चिंतित वपु से)
माधुर्य्य भावः	=मधुर (किंकरी) भाव को धारण करके,		
गरीयो गम्भीरै-कानुरागाम्	=(श्री लाल जी के प्रति) गम्भीर	परिचरन्	=परिचर्य्या करता हुआ

कदा	=(मैं) कब	स्याम्	(प्रपंच) को भुला दूँगा।
विस्मृतान्य:	=अन्य समस्त		

कबहुँ सब इतर भावना भूलौं।
एक मात्र राधा सेवा मानसि भाव में झूलौं।
अहा कूल कालिन्दी कमनी राधा पद पद्माङ्कित।
नव रस प्रेम पियूष पुञ्ज उत, इत मो सम जु कलङ्कित॥
अस उदार अति मधुर भावना निर्जहित हृदय सुभामिनी।
श्री वन ललित कला चतुरा प्रियतम हित रागिनि स्वामिनि॥

अदृष्ट्वा राधांके निमिषमपि तं नागरमणिं
तया वा खेलंतं ललितललितानंगकलया।
कदाहं दुःखाब्धौ सपदि पतिता मूर्छितवती
न तामाश्वास्यार्त्तां सुचिरमनुशोचे निजदशाम् ॥२१४॥

ललित ललितानंग कलया	=अत्यन्त ललित काम कला पूर्ण	ताम्	=उन
तया	=उन (श्री राधा जी) के	आर्ताम्	=विरह से आर्त्त (प्रिया जी) को
वा खेलन्तम्	=साथ क्रीडा करते हुए	न आश्वास्य	=विना आश्वासन दिये,
राधाङ्के	=श्री राधा जी के अङ्क में	सपदि दुःखाब्धौ पतिता मूर्च्छितवती	=तत्काल ही दुःख सागर में पडकर मूर्च्छित हुई,
निमिषमपि	=निमेष मात्र भी	अहम्	=मैं
नागरमणिम्	=(उन) नागर शिरोमणि (लाल जी) को	कदा निज दशाम्	=कब अपनी (उस) दशा पर
अदृष्ट्वा	=न देखकर	सुचिरम्	=चिरकाल तक

अनुशोचे	=पश्चात्ताप करूँगी (अर्थात् मैंने स्वयं सँभल कर		प्रिया जी की उस दुःख में सेवा सँभार न की)

शोक युत उर कब दाह दहौंगी ।
पिय प्यारी को विप्रयोग इक निमिष मात्र जु लखौंगी ॥
तब जब प्यारी श्री राधा संग ललित काम कल केली ।
नागर मणि श्री लाल करत भरि अंक सुरत रस झेली ॥
तिहि अवसर प्यारी अंकम में प्यारे नहि दरसाने ।
सहि न सकी हौं सो वियोग मम सुधि गई होश भुलाने ॥
उत प्यारी विरहातुर सहजहि-उचित हौं धीर बँधाती ।
हा धिक ! धिक ! अवसर चूकी निजहित रहि पछताती ॥

भूयोभूयः कमलनयने किं मुधा वार्यतेसौ
वाङ्मात्रेपि त्वदनुगमनं न त्यजत्येव धूर्त्तः ।
किंचिद्राधे कुरु कुचतटीप्रांतमस्य म्रदीय-
श्चक्षुर्द्वारा तमनुपतितं चूर्णतामेतु चेतः ॥२१५॥

कमलनयने !	=हे कमलाक्षि !	त्यजति	=छोड़ता है,
असौ	=उन(लालजी) को	राधे !	=हे श्री राधे ! (आप)
भूयोभूयः	=(आप) बारबार	किञ्चित्कुच-तटी प्रान्तम्	=कुच तट कोर की तनिक
मुधा	=व्यर्थ ही	कुरु	=झाँकी (करा दीजिये जिससे)
किं वार्यते	=क्यों रोक रही हो,	अस्य	=इनका
धूर्त्तः	=(यह) धूर्त्त	म्रदीयश्चेतः	=मृदुल चित्त
वाङ्मात्रेऽपि	=वाणी मात्र से कभी	चक्षुर्द्वारा	=नेत्र मार्ग से
त्वदनुगमनम्	=आपका अनुसरण		
नैव	=कदापि नहीं		

तमनुपतितम् =उस (कुच तट) पर गिरकर	चूर्णिताम् =चूर चूर
	एतु =हो जावेगा ।

स्वामिनि ! अस कछु करहु विधान ।
धूर्त्तराज अशंक अनुगत तव तजत नहीं निज बान ॥
हे कमलाक्षी ! यद्यपि तुम तो कोमल बैन निवारो ।
पै यह हठी न कान देत जो मैं कहुँ सोइ करि डारो ॥
जानति हो या को चित कोमल नैनति पथ अनुधावै ।
कुच तट कोर झाँकी सों नजहित चूर चूर ह्वै जावे ॥

किं वा नस्तैः सुशास्त्रैः किमथ तदुदितैर्वर्त्मभिः सद्गृहीतै
र्यत्रास्ति प्रेममूर्त्तेर्नहि महिमसुधा नापि भावस्तदीयः ।
किं वा वैकुण्ठलक्ष्म्याप्यहह परमया यत्र मे नास्ति राधा
किं त्वाशाप्यस्तु वृन्दावनभुवि मधुरा कोटिजन्मातरेपि ॥२१६॥

नः तैः हमारा उन	नहि तदीयः =नहीं है या उनका
सुशास्त्रैः किम् =बृहत् शास्त्रों से क्या (प्रयोजन) है	भावः =भाव भी
अथ वा =अथवा	अपि न अस्ति=सर्वथा नहीं है,
तदुदितैः =उनसे प्रतिपादित	अहह =अहह (आश्चर्य)
सद्गृहीतैः =सज्जनों से स्वीकृत	परमया वैकुण्ठ=सर्वोत्कृष्ट वैकुण्ठ
वर्त्मभिः किम्=पद्धतियों से भी क्या (लेना है)	लक्ष्म्यापि शोभा से भी हमें
यत्र प्रेम मूर्त्तेः=जिनमें प्रेम विग्रह (श्री प्रिया जी)का	किं वा क्या लाभ है,
महिमसुधा =महिमामृत	यत्र मे राधा =जहाँ हमारी श्री
	नास्ति राधा नहीं हैं।
	किन्तु कोटि =किन्तु कोटि २
	जन्मान्तरेपि =जन्मों में भी
	वृन्दावन भुवि=वृन्दावन की भूमि

अपि	में ही		मधुर
मधुरा	=(हमारी ऐसी)	आशा अस्तु	=आशा लगी रहे।

उर अभिलाषा एक बनी हो।
योनि कोटि बहु बसौं जन्म लै श्री वन महा मधुर अवनी हो॥
कारण इतर थलनि निज स्वामिनि मिलै न प्रेम स्वरूपा राधा।
अरु ताको महिमामृत गाथा भाव माधुरी पुंज न साधा।
भले विहित सद्ग्रन्थ शास्त्र सत्पथ निजहित जु अनेक प्रचारें।
शोभायुत वैकुण्ठ रुचै नहिं श्री राधा विन दीखें खारे॥

श्यामश्यामेत्यनुपमरसापूर्णवर्णैर्जपंती
स्थित्वास्थित्वा मधुरमधुरोत्तारमुच्चारयंती।
मुक्तास्थूलान्नयनगलितानश्रुबिंदून्वहंती
हृष्यद्रोमा प्रतिपदिचमत्कुर्वती पातु राधा॥२१७॥

श्याम श्याम !	=हे श्याम!हेश्याम!	नयन गलितान्	=(एवं) नेत्रों से झरते
इति	=इस प्रकार	मुक्तास्थूलान्	=मोतियों के समान स्थूल
अनुपम	=अनुपम रस से	अश्रु बिन्दून्	=अश्रु बिन्दुओं को
रसापूर्ण वर्णैः	पूर्ण वर्ण (नाम) का	वहन्ती	=धारण करती हुई,
जपन्ती	=जप करती हुई तथा	हृष्यद्रोमा	=रोमाञ्च भूषिता
स्थित्वा स्थित्वा	=रुक रुक कर	प्रतिपदि	=क्षण क्षण में
मधुर-मधुरोत्तारम्	=मधुरातिमधुर (उसी नाम का)	चमत्कुर्वती	=चमत्कार (उद्दीपन) को प्राप्त
उच्चरयन्ती	=उच्च स्वर से उच्चारण करती हुई,	राधा	=श्री राधाजी हमारी
		पातु	=रक्षा करें।

(श्री) राधे ! अब तो आप उबारौ ।
पुलकित रोमनि लाल आगमन प्रतिपद शंक सँभारौ ॥
लाल प्रेम में विह्वल हा हे श्याम ! श्याम ! उच्चारौ ।
नैंन विशाल टपाटप मोतिन सम अश्रुनि उर ढारौ ॥
जनु बहु स्थूलनि मुक्ताफल की सघन झरी लागी हो ।
इहि विधि उत्कंठित निज हित तव चरननि मति पागी हो ॥

ताद‍ृङ्मूर्त्तिर्व्रजपतिसुतः पादयोर्मे पतित्वा
दंताग्रेणाथ धृततृणकम् काकुवादान्ब्रवीति ।
नित्यं चानुव्रजति कुरुते सङ्गमायोद्यमं चे
त्युद्वेगं मे प्रणयिनि किमावेदयेयं नु राधे ॥२१८॥

प्रणयिनि	=हे प्रणयिनि		(मेरा)
राधे !	श्रीराधे !	अनुव्रजति	=अनुगमन करते हैं,
ताद‍ृङ्मूर्तिः	=मोहन मूर्ति	सङ्गमायोद्यमं	=और आपके सङ्गम
व्रजपतिसुतः	=व्रजेशनन्दन	च	के लिये (ऐसे सब)
मे पादयोः	=मेरे चरणों में		यत्न
पतित्वा	=गिर कर	कुरुते	=करते रहते हैं,
अथ	=तथा	इति मे	=इस प्रकार के
दन्ताग्रेण धृत	=दाँतों में तृण	उद्वेगम्	=(अपने) मानसिक
तृणकम्	दबा कर		उद्वेग को (मैं)
काकुवादान्	=अनुनय विनय	किं नु	=आपके सम्मुख
ब्रवीति	पूर्ण वचनावली		कहाँ तक
	कहते रहते हैं,	आवेदयेयम्	=निवेदन करूँ ।
नित्यं च	=और नित्य ही		

स्वामिनि ! कहु कहाँ जिय की खेवन ।
हे हे प्रणयिनि ! हे श्री राधे सुनों तनिक मम वेदन ॥

मोहनि मूरति व्रजपति सुत दसनन में तृण कूं लीने।
शुद्ध भाव बहु दीन वचन कहि मो पाछे लगि दीने ॥
कैसे हूँ तुमहि मिलाऊँ मेरो चाटुकारि बहु करते।
इति दीनता लखि प्रियतम की निजहित उर शर गड़ते ॥

चलल्लीलागत्या क्वचिदनुचलद्धंसमिथुनम्
क्वचित्केकिन्यग्रे कृतनटनचन्द्रक्यनुकृति ।
लताश्लिष्टं शाखिप्रवरमनुकुर्वत् क्वचिदहो
विदग्धद्वंद्वं तद्रमत इह वृन्दावन भुवि ॥२१६॥

क्वचित्	=कभी तो	क्वचित्	=फिर कभी
चलल्लीला-	=चलते चलते लीला	लताश्लिष्टं	=लता से आलिंगित
गत्या	=पूर्ण गति द्वारा	शाखि प्रवरम्	=तरुवर का
हंस मिथुनम्	=हंस हंसिनी की चाल का)	अनुकुर्वत्	=अनुकरण करते हैं
		अहो	=अहह ! (इस प्रकार)
अनुचलत्	=अनुसरण करते हैं,		
क्वचित्	=और कभी	इह वृन्दावन	=इस वृन्दावन की
केकिन्यग्रे	=मयूरी के आगे	भुवि	भूमि में
कृत नटन	=नाचने वाले	तद्	=वह
चन्द्रक्यनु	=मयूर का अनुकरण	विदग्धद्वन्द्वं	=विदग्ध युगल
कृति	करते हैं,	रमते	=रमण कर रहे हैं।

करत अस श्रीवन युगल बिहार।
कहुं कल हंस मिथुन गति लीला पूरण चलहिं निहार।
कहूं मयूर मयूरी आगे तद्वत नृत्यत लार ॥
कहूं तरु लता लिपटि लखि निज हित लपटत उर रस ढार ॥

व्याकोशेंदीवराष्टापदकमलरुचा हारि कान्त्या स्वया य-
त्कालिंदीयं सुरभिमनिलं शीतलं सेवमानम् ।

सान्द्रानंदं नवनवरसं प्रोल्लसत्केलिवृन्दं
ज्योतिर्द्वंद्वं मधुरमधुरं प्रेमकंदं चकास्ति ॥२२०॥

यत्	=जो
स्वयाकान्त्या	=अपनी कान्ति से
व्याकोषेन्दी वराष्टापद-कमलरुचा	=विकसित नील एवं स्वर्ण कमल की शोभा को
हारि	=हरण करने वाला है;
शीतलं सुरभिम्	=शीतल सुगन्धित
कालिन्दीयम्	=श्री यमुनाजी के
अनिलम्	=पवन को
सेवमानम्	=सेवन करता हुआ
सान्द्रानन्दम्	=घनानन्द पूर्ण
नवनव रसम्	=नव नव रस मय
प्रोल्लसत्केलि-वृन्दम्	=केलि कलाओं को उल्लसित करने वाला,
मधुरमधुरम्	=मधुरातिमधुर
प्रेमकन्दम्	=प्रेम का मूल कारण
तत्	=(ऐसा) वह
ज्योतिर्द्वन्द्वम्	=प्रकाश युगल
चकास्ति	=प्रकाशित हो रहा है।

श्रीवन राजति मिथुनो ज्योति।
लाजैं नील कनक कमलनि छबि विकसित विपिन उदोति॥
सेवैं सुरभित शीतल अनिल सु-कालिंदी कल-कूल।
निविडानंदमय कन्द मधुर नव केलि प्रम के मूल॥

कदा मधुरसारिकाः स्वरसपद्यमध्यापय
त्प्रदाय करतालिकाःक्वचन नर्तयत्केकिनम्।
क्वचित्कनकवल्लरीवृततमाललीलाधनं
विदग्धमिथुनं तदद्भुतमुदेति वृन्दावने ॥२२१॥

कदा	=कभी तो
मधुरसारिकाः	=मधुर स्वर वाली सारिकाओं को
स्वरसपद्यम्	=स्वकीय रस पूर्ण

	श्लोक को	तमाल लीला	=तमाल की लीला
अध्यापयत्	=पढ़ाते हुए	धनम्	(अनुरूपता) को धन के समान (आदर देते हुए)
क्वचन	=कभी	तत्	=वह
करतालिकाः	=अपने हाथ से ताली	विदग्ध मिथुनम्	=विदग्ध युगल
प्रदाय	=बजा कर	वृन्दावने	=श्री वृन्दावन में
केकिनम्	=मयूर को	उदेति	=प्रकाशित हो रहा है।
नर्त्तयत्	=नचाते हुए		
क्वचित्	=तथा किसी समय		
कनकवल्लरी वृत	=स्वर्ण लता से आलिंगित		

प्रकाशित मिथुन विपिन सब ओर।
चतुर धनी धन लीला अमित अपार ओर नहिं छोर ।।
कहुँ कल कण्ठी देखि सारिका निजरस पद्य पढावें।
दै कर तारिनु मोर नचावें लखि मन-मन सरसावें ।।
कनक लता तरुवर तमाल लखि लिपटे उर हरषाने।
निज,हित यों वृन्दावन बिलसत लाड़िलि लाल लुभाने ।।

पत्रालीं ललितां कपोलफलके नेत्राम्बुजे कज्जलं
रंगं बिंबफलाधरे च कुचयोः काश्मीरजालेपनम् ।
श्रीराधे नवसंगमाय तरले पादांगुलीपंक्तिषु
न्यस्यन्ती प्रणयादलक्तकरसं पूर्णा कदा स्यामहम्।।२२२।।

कपोलफलके	=कपोलों पर	नेत्राम्बुजे	=नेत्र कमल में
ललिताम्	=सुन्दर	कज्जलम्	=काजल को, और
पत्रालीम्	=पत्र रचना को, तथा	बिम्बाधरे	बिम्बाफल समान अधरोष्ठ

	पर,	प्रणयाद्	=प्रेम से यावक रस
रङ्गम्	=रङ्ग का,	लक्तक रसम्	को
कुचयो:	=कुच मण्डल पर	न्यस्यन्ती	=लगाती हुई,
काश्मीरजा	=केसर लेप को एवं	नव सङ्गमाय	=हे नव संगम
लेपनम्		तरले श्रीराधे	चञ्चले ! श्रीराधे !
पादाङ्गुली	=चरणों की	अहम् कदा	=मैं कब कृतार्थ
पंक्तिषु	अंगुलियों में	पूर्णा स्याम्	होऊँगी।

पुरैं कब विविध मनोरथ सादर ।
मृदु गण्डस्थल ललित चित्र रचूं दृग अरविंदन काजर ॥
बिम्बाफल सम ओष्ठ तम्बोलज रंग युगल कुच केसर ।
अनुलेपन करि पद अंगुरियनु रञ्जौं यावक देकर ॥
हे राधे ! नव संगमार्थ अति चञ्चल भाव तिहारे ।
निजहित सब निज कर सेवा रचि सरैं मनोरथ भारे ॥

श्रीगोवर्धन एक एव भवता पाणौ प्रयत्नाद्धृतो
राधावर्ष्मणि हेमशैलयुगले दृष्टेपि ते स्याद्भयम् ।
तद्गोपेंद्रकुमार मा कुरु वृथा गर्वं परीहासतः
कर्ह्येवं वृषभानुनंदिनि तव प्रेयांसमाभाषये ॥२२३॥

भवता	=आपने तो	हेमशैल	=स्वर्ण के शैल
एक: श्री	=एक श्री गोवर्धन	युगले	युगल
गोवर्धन एव	को ही	दृष्टेपि	=देखते ही
प्रयत्नात्	=प्रयत्न पूर्वक	ते भयं स्यात्	=तुम्हें भय हो
पाणौ धृत:	=हाथ पर उठाया		जायेगा
	था,	तद्गोपेन्द्र-	=अत: हे गोपेन्द्र-
राधावर्ष्मणि	=श्रीराधा के शरीर	कुमार	कुमार
	में तो	वृथा गर्वम्	=(तुम) वृथा गर्व

मा कुरु	=मत करो,
वृषभानु	=हे श्रीवृषभानु
नन्दिनि !	=नन्दिनि !
एवं तव	=आपके प्रियतम से
प्रेयासम्	=इस प्रकार
परीहासतः	=परिहास पूर्वक
अहम्	=मैं
कर्हि	=कब
आभाषये	=कहूँगी।

स्वामिनि ! सुनु कहुँ इक परिहास।
हे वृषभानु नन्दिनी ! तुमरे प्रियतम सों करु खास ॥
कहि हों हे गोपेन्द्रसुवन ! क्यों व्यर्थ गर्व में साने।
इक साधारण गिरि कर गोवर्धन धारयो हम माने ॥
ता में करी सहाय सबन ने, पै राधा तन कवनी।
हेमशैल ह्वै देखि भीत क्यों निजहित निज उर अवनी ॥

अनंगजयमंगलध्वनितकिंकिणीडिंडिम
स्तनादिवरताडनैर्नखरदंतघातैर्युतः ।
अहो चतुरनागरीनवकिशोरयोर्मञ्जुले
निकुंजनिलयाजिरे रतिरणोत्सवो जृम्भते ॥२२४॥

अनङ्गजय	=काम विजय रूप
मङ्गल	=मङ्गल की सूचक
ध्वनित	=ध्वनित किंकिणी
किंकिणी	=ही जहाँ नगारा
डिण्डिम	=है,
स्तनादि वर	=स्तनादि के भली
ताडनैः	=भांति मदन से
नखर दन्त	=एवं नख व दन्त
घातैः युतः	=क्षत से युक्त
अहो	=अहह (आश्चर्य)
मञ्जुल	=सुन्दर निकुञ्ज
निकुञ्ज	=भवन के प्राङ्गण में
निलयाजिरे	
चतुर नागरी	=चतुर नागरी एवं
नव किशोरयोः	=नव किशोर का
रति रणोत्सवः	=काम संग्राम महोत्सव
जृम्भते	=प्रकाशित हो रहा है।

अजिर कुञ्ज में सुरत रस केली ।
महा उत्सव निज सहज प्रकाशित मिथुन मधुर रस झेली ।।
नव किशोर अरु चतुर नागरी की करधनि कल बाजत ।
जनु अनंग जय मङ्गल सूचक शब्द डिंडिमि गाजत ।।
कुच मर्दन ताडन पिय द्वारा दन्तक्षत नख रेखें ।
चरणाघात आदि निजहित रति कोक कला अवरेखें ।।

यूनोर्वीक्ष्य दरत्रपानटकलामादीक्षयंतीदृशो
वृण्वाना चकितेन संचितमहारत्नस्तनं चाप्युरः ।
सा काचिद्वृषभानुवेश्मनि सखीमालासु बालावली
मौलिः खेलति विश्वमोहनमहासारूप्यमाचिन्वती।।२२५।।

यूनोः	=युवक एवं युवतियों की
दरत्रपा नट	=अल्प लज्जायुक्त
कलाम्	=नट तुल्य कलाओं =को
वीक्ष्य	=देखकर
दृशोः	=अपने दोनों नेत्रों =को
आदीक्षयन्ती	=दीक्षित करती हुई,
अपि च	=तथा
चकितेन	=चकित भाव से
सञ्चित महा	=संचित महारत्न
रत्नस्तनं उरः	=रूपी स्तन मण्डल =वाले वक्षस्थल को
वृण्वाना	=ढकती हुई,
विश्वमोहन	=विश्व मोहनार्थ
महा सारूप्यम्	=महा सारूप्य का
आचिन्वती	=संचय करती हुई,
वृषभानु	=श्री वृषभानु
वेश्मनि	भवन में
सखी मालासु	=सखियों के मध्यमें
सा काचित्	=वह कोई
बालावली	=बालाओं की
मौलिः	=शिरोमणि
खेलति	=क्रीडा कर रही है।

विश्व विमोहिनि इक ललनामणि ।
खेलति श्री वृषभानु अजिर में संग सखी तिन में चूडामणि ।।

निरखि युवक युवती कल काम केली औचक निज हृदय लजानी ।
ढांपति निज नव अंकुर सम कुच चकित भई रतनन सम मानी ॥
अस यौवन नव प्रथम हगनि लखि पाठ पढ़ांत मनसिज चटशाला ।
निजहित जनु नव मोहनि विद्या संचत्ति है निज उर नव बाला ॥

ज्योतिः पुंजद्वयमिदमहो मंडलाकारमस्या
वक्षस्युन्मादयति हृदयं किं फलत्यन्यदग्रे ।
भ्रूकोदंडं नकृतघटनं सत्कटाक्षौघबाणैः
प्राणान्हन्यात्किमु परमतो भावि भूयो न जाने ॥२२६॥

अहो	=अहह आश्चर्य है,
अस्याः	=इन के
वक्षसि	=वक्षस्थल पर
इदम्	=यह
मण्डलाकारम्	=मण्डला कार
ज्योतिः पुञ्जद्वयम्	=दो प्रकाश पुञ्ज देखते ही)
हृदयं उन्मादयति	=हृदय को उन्मत्त बना रहा है
अग्रे	=आगे
अन्यत्	=और
किं फलति	=क्या फल लाता है (अर्थात् क्या प्रभाव करेगा)
सत्कटाक्षौघ-बाणैः	=तथा कुटिल कटाक्ष रूप बाण समूह से
नकृत घटनं	=युक्त हुए बिना
भ्रूकोदण्डम्	ही भ्रूचाप
प्राणान्हन्यात्	=प्राणों का हनन कर रहा है
अतः परंभूयः	=इससे अधिक बढ़कर (और)
किं भावि	=क्या होने वाला है,
इति न जाने	=यह मैं नहीं जानता ।

अकथ कथा कछु कही न जाई ।
अचरज यौवन युत यह बाला भ्रुकुटी चाप चढ़ाई ।

विन संयोग कटाक्ष बाण बहु मानों प्रान प्रहारी ।
ज्योति पुञ्ज युग मण्डल साजे रहा हिये पर धारी ।।
अजौं क्षोभ मद प्रेरे जिय हठि पाछे कहा बखानी ।
विन संयोग इतो मद व्यापे मिलै ते निजहित हानी ।।

भोः श्रीदामन्सुबल वृषभ स्तोककृष्णार्जुनाद्याः
किं वो दृष्टं मम नु चकिता दृग्गता नैवकुञ्जे ।
काचिद्देवीसकलभुवनाप्लाविलावण्यपूरा
दूरादेवाखिलमहरतप्रेयसो वस्तु सख्युः ।। २२७ ।।

भोः	=हे हे
श्री दामन् ! सुबल ! वृषभ !	=श्रीदामा! सुबल ! वृषभ !
स्तोक कृष्ण अर्जुनाद्याः	=स्तोक कृष्ण ! अर्जुन आदि सखाओ !
वः	=तुम सबने
किन्नु दृष्टम्	=क्या देखा है
मम चकिता दृक्	=मेरी चकित (अर्थात् भयभीत) दृष्टि तो
कुञ्ज एव न गता	=कुञ्ज के भीतर जा ही नहीं पाई
सकल भुवना प्लावि लावण्य पूरा	=अपने लावण्य प्रवाह से सकल भुवन को आप्लावित करने वाली
काचिद्देवी	=किसी अनिर्वचनीय देवी ने
दूरादेव	=दूर से ही
प्रेयसः सख्युः	=तुम्हारे प्रिय सखा (मेरी)
अखिलं वस्तु	=समस्त (जीवन) वस्तु को
अहरत्	=अपहरण कर लिया है ।

सखन सौं बोले श्याम सुजान । (टेक)
हे श्रीदाम !वृषभ ! अर्जुन ! हे सुबल ! हे कृष्ण-स्तोक ! ।
क्या तुम सबने अचरज इक अब दृष्टि कियो अवलोक ।।

अहा चकित दृष्टि हौं बिन ही कुञ्ज प्रवेश विलोकी ।
अकथ एक देवी राजति तहँ दुति जनु छवी त्रिलोकी ॥
निज लावण्य प्रवाह डुबायो चहै निखिल जग मानो ।
अरे सखे ! निजहित मम सर्वस ताहि के हाथ लुटानो ॥

गता दूरे गावो दिनमपि तुरीयांशमभज
द्वयं दातुं क्षांतास्तव च जननी वर्त्मनयना ।
अकस्मात्तूष्णीके सजलनयने दीनवदने
लुठत्यस्यां भूमौ त्वयि नहि वयं प्राणिणिषवः ॥२२८॥

गावः	=गौएँ	अकस्मात्	=(इस प्रकार) अचानक ही
दूरे	=बहुत दूर	तूष्णीके सजल नयने	=मौन सजल नेत्र
गताः	=चली गईं,	दीनवदने	=तथा म्लान मुख होकर
दिनमपि	=और दिन भी	त्वयि	=तुम्हारे
तुरीयांशम्	=चतुर्थांश शेष	अस्याम्	=इस
अभजत्	=रह गया है,	भूमौ लुठति	=भूमि में लोटने पर
वयं दातुं क्षान्ताः	=हम आपको छोड़ कर नहीं जा सकते हैं,	वयम्	=हम
तव जननी च	=और तुम्हारी माता भी	नहि प्राणिणिषवः	=प्राण धारण नहीं कर सकते हैं।
वर्त्मनयना	=बाट देख रही हैं,		

सखा लखि श्याम दशा अकुलाने ।
बोले श्याम ! अहो क्यों बेसुध मूर्छित भूमि लुठाने ॥
गिरा मौन, दृग अश्रुनि भी वपु दीन भये तुम प्यारे ।
कैसे करि यह दशा सहैं नहि रहि हैं प्रान हमारे ॥

दूरि गई गाइनु को फेरे अस्त भानु तनु थाके।
जननी राह तकति ह्वै है निजहित तुहि तजें न वांके॥

नासाग्रे नवमौक्तिकं सुरुचिरं स्वर्णोज्ज्वलं बिभ्रती
नानाभङ्गिरनङ्गरङ्गविलसल्लीलातरङ्गावलिः।
राधे त्वं प्रविलोभयव्रजमणिं रत्नच्छटामञ्जरी
चित्रोदञ्चितकञ्चुकस्थगितयोर्वक्षोजयोः शोभया ॥२२६॥

राधे ! त्वम्	=हे श्रीराधे ! आप
नासाग्रे	=नासाग्र भाग में
स्वर्णोज्ज्वलं	=स्वर्ण से भी
सुरुचिरम्	उज्ज्वल सुन्दरतम
नव मौक्तिकम्	=नूतन मुक्ता को
बिभ्रती (वर्तसे)	=धारण कर रही हो,
नाना भङ्गिः	=नाना विलास परिपाटी सम्पन्न हो,
अनङ्ग रङ्ग विलसत्	=कामोल्लास से विलसित
लीला	=लीला रूपी लहरी
तरङ्गावलिः	समूह से शोभित हो,
रत्नच्छटा	=रत्न कान्ति
मञ्जरी	समूह
चित्रोदञ्चित	=तथा चित्र से चमत्कृत
कञ्चुकस्थगि-तयोः	=कञ्चुकी से आच्छादित
वक्षोजयोः	=अपने उरोज युगल की
शोभया	=शोभा से
व्रजमणिम्	=व्रजमणि श्रीलाल जी को
प्रविलोभय	=लुब्ध करें।

राधे ! छबि मय तुव वपु लोभे।
अग्र नासिका नव मुक्ता कनकाभ रुचिर अति शोभे।
सहज स्वरूप विशिष्ट भंगि मनसिज विलासमय प्यारी।
अनिक तरङ्ग समूह उठत लीला अनूप विस्तारी॥

ता पै कुच युग रत्न प्रभामय ढके कंचुकी चित्रित।
व्रजमणि लाल सहज सब विधि मोहित चितवित अरु निजहित॥

अप्रेक्षे कृतनिश्चयापि सुचिरं वीक्षेत दृक्कोणतो
मौने दार्ढ्यमुपाश्रितापि निगदेत्तामेव याहीत्यहो।
अस्पर्शे सुधृताशयापि करयोर्धृत्वा बहिर्यापये
द्राधाया इति मानदुस्थितिमहं प्रेक्षे हसन्ती कदा॥२३०॥

अहो =अहह (आश्चर्य)
अप्रेक्षे =अदर्शन का
कृत निश्चयापि =निश्चय करने पर भी
सुचिरम् =चिरकाल तक
दृक्कोणतः =तिरछी चितवनसे
वीक्षेत =देख लेती हैं,
मौने दार्ढ्यम् =सुदृढ़ असंभाषण का
उपाश्रितापि =आश्रय लेकर भी
तामेव याहि ="उसी (दूसरी सखी) के पास जाइये"
इति निगदेत् =इस प्रकार कह उठती हैं,
अस्पर्शे =स्पर्श न करने का
सुधृताशयापि =सुदृढ विचार करके भी
करयोः =(लाल जी के) दोनों हाथ
धृत्वा =पकड़ कर
बहिर्यापयेत् =(कुञ्ज से) बाहिर निकाल देती हैं,
इति राधायाः =इस प्रकार की श्री राधा जी की
मानदुस्थितिम् =मान की चञ्चल स्थिति को
हसन्ती =हँसती हुई
अहं कदा प्रेक्षे =मैं कब देखूँगी।

लाडिली! निरखौं कहुँ सो मान।
जाते मन तुव होइ अनवस्थित सुनियै करौं बखान॥
नहिं हेरौं पिय जिय निश्चय दृग कोण सतत तहँ लागे।
मौन अवलम्बित पैं फटकारयौ 'जाहु जहाँ रहे रागे'॥

अङ्ग न परसौंगी हिय हठ, पै करनि जु बाह्य धकेलौ।
हँसति हँसति देखौं निजहित यों मन गति ठेलम-ठेलौ ॥

रसागाधे राधाहृदि सरसि हंसः करतले
लसद्वंशःस्रोतस्यमृतगुणसङ्गः प्रतिपदम् ।
चलत्पिच्छोत्तंसः सुरचितवतंसः प्रमदया
स्फुरद्गुञ्जागुच्छः स हि रसिकमौलिर्मिलतु माम् ॥२३१॥

रसागाधे राधा हृदि सरसि	=अगाध रसपूर्ण श्रीराधा हृदय सरोवर में	चलत्पिच्छोत्तंसः	=चञ्चल मयूरमुकुट धारी,
हंसः	=हंस के समान,	प्रमदया	=प्रिया जी द्वारा
करतले	=हाथ में	सुरचितवतंसः	=सुसज्जित करणाभरण(कुण्डलादि) से अलंकृत,
लसद्वंशः	=सुन्दर वंशी (धारण करने) वाले,	स्फुरद्गुञ्जा-गुच्छः	=देदीप्यमान गुञ्जाओं के गुच्छ से शोभित
प्रतिपदम्	=पद पद पर	स हि	=वही
स्रोतसि	=प्रत्येक इन्द्रिय तथा रोम-रोमको	रसिकमौलिः	=रसिक शेखर (लाल जी)
अमृतगुणसङ्गः	=अमृत सम प्रतीत होने वाले (प्रिया जी के) गुणों में आसक्त	माम्	=मुझे
		मिलतु	=मिलें (अपनायें) ।

रसिकमौलि छविमय पिय ध्याऊँ ।
शोभित गुञ्जा गुच्छ माल गल जाकी दासि कहाऊँ ॥
राधा मानस गहन सरोवर हँस, मुरलि कर शोभे ।
अमृत सम प्रतिपद छिद्रन सों आनँद-स्रावी लोभे ॥

केकि पिच्छ चल शीश चन्द्रिका, श्रवण आभरण कमनी ।
रचि रचि रमणिन साजे कर निज हित द्युति विद्युत दमनी ।।

अकस्मात्कस्याश्चिन्नववसनमाकर्षंति परां
मुरल्या धम्मिले स्पृशति कुरुतेन्याकरधृतिम् ।
पतन्नित्यं राधापदकमलमूले व्रजपुरे
तदित्थं वीथीषु भ्रमति स महालंपटमणिः ।।२३२।।

अकस्मात्	=अचानक
